जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, शनिवार 6 सितम्बर, 2025



## विचार बिन्दु

त्रुटियों के संशोधन का नाम ही उन्नति है। -लाला लाजपत रॉय

# मौसमी बीमारियों के फैलाव का संकट

मानसून की विदाई के साथ-साथ अब मौसमी बीमारियों का दौर की शुरुआत होने लगी है। इस बार समूचे प्रदेश में मानसून की अच्छी बरसात हुई है। यहां तक अनके स्थानों पर तो बाढ़ जैसे हालात बने वहीं जलभराव की समस्या से लगभग समूचे प्रदेश को दो चार होना पड़ा। खैर यह विषयांतर होगा पर यह साफ है कि पानी के भराव के कारण अब तेजी से मच्छरों का प्रकोप फैलेगा और इसके चलते मच्छरों के कारण तेजी से वायरल बुखार-खासी और इससे जुड़ी बीमारियों में तेजी आयेगी। ऐसे में आम नागरिकों के साथ ही मेडिकल विभाग को चाकचोबंद होने के साथ ही स्थानीय निकाय संस्थाओं को अभी से अधिक सक्रिय होना होगा। मच्छरों का प्रकोप बरसात से जमा पानी और गंदगी के कारण अधिक होता है। ऐसे में साफ-सफाई और गंदगी जमा नहीं होने देने के काम में निकाय संस्थाओं को अधिक सजगता से कार्य करना होगा वहीं मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए फोगिंग व मच्छर नाशक कीटनाकों का छिड़काव की तत्काल तैयारी करनी होगी। आमनागरिकों को भी आसपास पानी जमा नहीं होने देना होगा। इसके अलावा कूलर व घर के कवाड़ पुराने टायर आदि में पानी जमा नहीं होने देना होगा। सामान्य वाइरल से लेकर डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां तेजी से फैलेगी और अस्पतालों में बीमारों की लंबी लंबी कतार देखने को मिलेगी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को भी वर्षा और मच्छर जनित बीमारियों के ईलाज और रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होगी। खासतौर से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी ताकि व्यवस्थाओं पर प्रश्न नहीं लगे और लोगों को त्वरित ईलाज सुविधा प्राप्त हो सके।

वैसे भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की माने तो चिकनगुनिया अब विकराल रुप लेता जा रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार आने वाले समय में पांच अरब लोगों के इसके दायरें में आने की पूरी-पूरी संभावना है। हांलाकि चिकनगुनिया से मौत का आंकड़ा प्रभावितों में से केवल एक प्रतिशत है पर जिस तरह से इसके फैलने की संभावनाएं बनती जा रही है निश्चित रुप से मौत का आंकड़ा भी बढ़ेगा और लाख दावों के बावजूद इसके स्वास्थ्य पर दूरगामी गंभीर प्रभाव भी पड़ेगा। चिकनगुनिया की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि उष्णकटिबंधीय अफ्रीका से एशिया को लपेटे में लेने वाली यह बीमारी अब योरोप को भी अपनी जद में करीब-करीब ले चुकी है। दरअसल जलवायु परिवर्तन भी इसके फैलाव में सहायक है। तापमान बढ़ोतरी और नमी दोनों के कारण चिकनगुनिया का मच्छर फैलता है। जहां पानी जमा हुआ इसके मच्छर को डेरा जमाने का अवसर मिल जाता है। दुनिया के 119 देशों में चिकनगुनिया अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। हमारे देश में तो पिछले कुछ वर्षों से चिकनगुनिया लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा ही रहा है। यदि हमारे देश भारत की बात करें तो गत वर्ष चिकनगुनिया के दो लाख संदिग्ध मामलें सामने आये थे जिनमें से 17 हजार से अधिक मामलों में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई थीं। भले ही यह संख्या कम लग रही हो पर जिस तरह से चिकनगुनिया हमारे देश सहित दुनिया के देशों में पांव पसार रहा है यही विश्व स्वास्थ्य संगठन की चिंता का प्रमुख कारण है।

**पुराने कबाड़, कूलरों व अन्य पानी जमा भले ही नाममात्र का ही जमा नहीं होने दे। इसी तरह से शरीर को ढंकने वाले कपड़े जैसे पूरी बाहों के शर्ट, पेंट आदि पहने और इसके साथ ही मच्छर नाशकों का उपयोग कर मच्छरों के प्रकोप से बचने और मच्छरों को फैलने से रोके। इस तरह के सुरक्षा मानकों की पालना करनी ही होगीं।**

चिकनगुनिया मच्छर जनीत बीमारी है और पिछले कुछ सालों खासतौर से जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरुप मच्छर जनीत रोगों अधिक फैलाव हुआ है और पहले बरसात के पानी जमा होने के कारण फैलने वाली यह बीमारी अब गर्मी के मौसम बल्कि यह कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी छट-बारह महीने अपना असर दिखाने लगी है। इस साल हमारे यहां मानसून ने समय से पूर्व प्रवेश किया है और राजस्थान ही नहीं अपितु देश के अधिकांश हिस्सों में अच्छी बरसात हो रही हैं। जिस तरह की हमारी ड्रेनेज व्यवस्था है और जिस तरह से जल भराव के हालात हो रहे हैं उससे चिकनगुनिया का प्रकोप व्यापक रुप से देखने को मिल सकता है। अल्फाविषाणु परिवार के इस सदस्य एडिस के लार्वा के फैलाव को रोकने के लिए फोगिंग की प्रभावी व्यवस्था तो अभी दिखाई नहीं देती। फिर पानी का जमाब, गंदगी और बातावरण की नमी व लगातार बरसात के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ेगा ही, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। दरअसल हम आपदा से निपटने के लिए पहले से तैयार रहते ही नहीं है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तो पानी का भराव, किचड़, गंदगी आदि तो है ही इसके साथ ही हमारी प्रवृति के अनुसार हम स्वयं मच्छर जनित बीमारियों को फैलने से रोकने के स्थान पर उसके फैलाव में सहभागी बन जाते हैं। घरों में पानी जमा होना और कबाड़ में पानी भरा रहना, कूलरों में पानी को समय से नहीं बदलना आदि ऐसे कारण है जिससे एडीज एजिटी और एडीज एल्बोपिक्टस को पनपने में पूरा सहयोग मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार सुबह सुबह और दोपहर में यह अधिक सक्रिय रहता है।

बरसात व उसके बाद आवश्यक फोगिंग की व्यवस्था, साफ-सफाई और मच्छर के लार्वा को नष्ट करने की व्यवस्था और इसके साथ आमजन में अवेयरनेस को गंभीरता से लिया ही नहीं जाता। मच्छर जनित बीमारी का फैलाव कब होगा इसके लिए पूर्व तैयारी हमारी होती ही नहीं। जब अस्पतालों में मरीजों की भीड़ होने लगती है तब हमारी जागने की प्रवृति है। नहीं तो अवेयरनेस कार्यक्रम तो पहले से ही चलाया जा सकता है। ऐसे में सरकारों को अभी से प्रिकोसनरी रणनीति बना लेनी चाहिए ताकि इसके असर को कम किया जा सके। लोगों को भी अपने घर से ही सुरक्षा उपायों पर ध्यान देना होगा। खासतौर से पुराने कबाड़, कूलरों व अन्य पानी जमा भले ही नाममात्र का ही जमा नहीं होने दे। इसी तरह से शरीर को ढंकने वाले कपड़े जैसे पूरी बाहों के शर्ट, पेंट आदि पहने और इसके साथ ही मच्छर नाशकों का उपयोग कर मच्छरों के प्रकोप से बचने और मच्छरों को फैलने से रोके। इस तरह के सुरक्षा मानकों की पालना करनी ही होगीं। नहीं तो जिस तरह से मानसून के पहले आने और अच्छी बरसात से जो लाभ हो रहा है वह मच्छरों के प्रकोप के फैलने से मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का कारण भी बन जाएगा। मच्छर जनित बीमारियों की आपदा सामने हैं। अब आम नागरिकों से लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों को अपने-अपने दायित्वों को पूरा करने में जुट जाना होगा ताकि किसी को भी व्यवस्थाओं को लेकर कुछ सुनने का अवसर ही ना मिल सकें व बीमारों को समय पर स्वास्थ्य सुविधां प्राप्त हो सकें।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 6 सितम्बर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 10:56 तक, अतिगंड योग दिन 11:52 तक, गर करण दिन 2:28 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 11:21 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मिथुन, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग रात्रि 10:56 तक है। भद्रा रात्रि 1:42 से आरम्भ होगा। आज अनन्त चतुदर्शी व्रत, पंचक दिन 11:21 से आरम्भ होगा। आज भागवत सप्ताह पूर्ण होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:45 से 9:19 तक, चर 12:25 से 1:59 तक, लाभ-अमृत 1:59 से 4:59 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:12, सूर्यास्त 6:39

### मेष

व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### मिथुन

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक समस्या हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

### कर्क

परिवार में आपसी समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### सिंह

व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

### तुला

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। पारिवारिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### धनु

घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मकर

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। असंतोष बना रहेगा। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी।

### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

# जीएसटी 2.0 कर सुधार का नया अध्याय



मदन राठौड़

देश की अर्थव्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता की दिशा में 1 जुलाई 2017 को लागू हुआ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक ऐतिहासिक कदम था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 101वें संविधान संशोधन के माध्यम से लागू हुई यह कर प्रणाली केवल तकनीकी बदलाव नहीं थी, बल्कि एक गहरी सोच के साथ लिया गया निर्णय था जिसने देश को 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' की अवधारणा से जोड़ा। लंबे समय तक भारत में कर ढांचा जटिल और बोझिल रहा। कांग्रेस सरकारों के दौर में कभी साइकिल पर 17 प्रतिशत, सिलाई मशीन पर 16 प्रतिशत, सीमेंट पर 29 प्रतिशत और दवाओं व कृषि उपकरणों पर 12 से 14 प्रतिशत तक कर वसूला जाता था। राज्यों की अलग-अलग कर प्रणालियों ने आम उपभोक्ता, व्यापारी और उद्योग जगत को उलझन में डाल रखा था। उस समय की नीतियां जनता को राहत देने के बजाय उल्टा उनके बोझ को बढ़ाने वाली थीं।

मोदी सरकार ने इस अव्यवस्था को दूर करने का बीड़ा उठाया और जीएसटी लागू कर एक सरल, पारदर्शी और नागरिक हितैषी कर व्यवस्था दी। विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के लिए राहत देने के उद्देश्य से जीवन रक्षक दवाओं, स्वास्थ्य बीमा और अन्य आवश्यक वस्तुओं को टैक्स मुक्त या न्यूनतम श्रेणी में रखा गया। यह निर्णय केवल आर्थिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक बड़ा कदम था।

अब एक नई ऐतिहासिक पहल के तहत 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से जीएसटी 2.0 लागू करने का निर्णय लिया गया है। 22 सितंबर 2025 से पूरे देश में केवल दो टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत लागू होंगे। इस निर्णय से कर प्रणाली और अधिक सरल होगी तथा आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी, घर बनाने की लागत घटेगी, ग्रेनाइट और मार्बल जैसी निर्माण सामग्री सस्ती होगी और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलेगी। किसान, छात्र, युवा, महिलाएं और छोटे व्यापारी वर्ग सभी को इसका लाभ मिलेगा।

जीएसटी 2.0 के प्रभाव दूरगामी होंगे। मांग में वृद्धि होगी, उद्योगों को प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी और निवेश व रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। छोटे और मध्यम व्यापारियों को कर अनुपालन में आसानी होगी और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को नई दिशा मिलेगी। भारत की विकास दर पहले से ही 8 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है और इस सुधार से घरेलू मांग और अधिक प्रबल होगी। यह निर्णय केवल कर सुधार नहीं बल्कि देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ एक निर्णायक कदम है।

त्योहारी सीजन से ठीक पहले लिया गया यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता का प्रतीक है। जहां कांग्रेस ने दशकों तक करों की भूलभुलैया बनाकर जनता को परेशान किया, वहीं भाजपा सरकार ने सरलता और पारदर्शिता को आधार बनाकर नागरिकों को राहत दी। यही अंतर खोखले वादों और ठोस फैसलों में दिखाई देता है। जीएसटी 2.0 केवल संख्याओं का फेरबदल नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक इतिहास का वह अध्याय है जो आने वाले समय में देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**-मदन राठौड़,**
**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बसता, भारत का जन मन और जनजातियां



डॉ. निमिषा गौड़

**नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि, अथार्थ**

हे मातृभूमि आपको हर समय नमस्कार है, आप प्रेम करने वाली है। देशभक्ति और मातृभूमि की श्रद्धा से प्रेरित संघ की प्रार्थना को हाल ही में दक्षिण भारत के कांग्रेसी नेता व कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने राज्य की विधानसभा में गाकर दक्षिण भारतवासियों की संघ निष्ठा का पुन: स्मरण करवाया, यद्यपि राजनीतिक दबाव के चलते डी के शिवकुमार ने क्षमा माँग ली। किंतु एक वो भी समय था जब मध्य बरार के कांग्रेसी मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल ने क्षेत्र मे जाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शरण ली थी।

स्वतंत्रता के पश्चात मध्य प्रदेश के विकास की योजना बनाने के लिए दौरे पर निकले मुख्यमंत्री प. शुक्ल को जशपुर के जंगलों से 'शुक्ला गो बैक' के नारों और काले झंडों का सामना करना पड़ा तब जनजातियों के मध्य विदेशी शासकों की नीतियों से पनपे जहर का सामना कांग्रेसी नेता ने किया। तब अपमान और खिन्नता से भरे मुख्यमंत्री ने जनजातियों के मध्य राष्ट्रवादी विचारों से प्रेरित सामाजिक कार्यों और शिक्षा की आवश्यकता महसूस किया।

इसके लिए पिछड़ी जाति कल्याण विभाग बनाया। इस विभाग की सार संभाल के लिए क्षेत्रीय संगठक के पद पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बाला साहब देशपाण्डे जी को जिम्मेदारी दी ।कांग्रेसी नेता को भी विश्वास था कि जनजातियों के मध्य समरसता का भाव लाने का मादा राष्ट्र का निष्ठावान सेवक ही कर सकता है।

वर्ष 1926 में बाला साहब देशपाण्डे संघ की शाखा में जाने के कारण पूजनीय डॉक्टर हेडगेवार के संपर्क में आए। वे संघ के प्रारंभिक कार्यकर्ताओं में से एक थे और उन्होंने संघ के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने मध्य भारत, दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के दूरदराज क्षेत्रों में वर्ष 1952 से वनवासी कल्याण आश्रम का सहरानीय कार्य किया। वनवासी कल्याण आश्रम का ध्येय वाक्य में नगरवासी, ग्रामवासी, वनवासी हम सभी हैं भारतवासी।

वर्ष 1925 से ही एक संगठित और सामर्थ्यवान हिन्दू समाज के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनथक रूप में 'हिंदू सोदरा सर्वे' के भाव से साधना कर रहा था, इसी साधना में जनजातीय समाज के स्वाभिमान और संस्कृति को अपने कार्य में अग्रणी रखते हुए संघ की प्रेरणा से वनवासी कल्याण आश्रम का कार्य प्रारंभ हुआ, जो कालांतर में पूरे देश में विस्तृत हुआ।

भारतीय संस्कृति के मूल स्वरुप में अखंड भारत की संकल्पना थी, किंतु विदेशी साम्राज्य के हजारों वर्षों के आधिपत्य ने देश का विभाजित करते हुए अनेक जातियों में बांट दिया और जनजाति समाज के मन में हीन भावना भरकर उन्हें अपनी मूल संस्कृति से अलग करने का कुटिल प्रयास भी किया।

वर्ष 1954, नियोग समिति की रिपोर्ट में मतांतरण को कानून द्वारा प्रतिबंधित करने की सिफारिश की गई थी। किंतु समिति के खोजपूर्ण दस्तावेजों को भी दरकिनार करके तत्कालीन सरकार हिन्दू समाज की बेरुखी कर रही थी जिसके परिणामस्वरूप जात पात का भेदभाव जनमानस के बीच व्याप्त हो गया था। तत्पश्चात हिन्दू समाज को संगठित करने का बीड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उठाया और आज तक हिन्दू समाज को संगठित करने का तप लाखों स्वयंसेवक कर रहे हैं।





संघ के मूल भाव में जनजाति, अनुसूचित जाति, स्वर्ण, अगड़ा-पिछड़ा और आदिवासी सभी भारत के मूल निवासी है। इनमें भेद करने वाले विचारों का संघ प्रतिकार करता है।

ऐतिहासिक पन्नों को पलटने पर ज्ञात होता है कि भारत की जनजातियों की अपनी संस्कृति और सभ्यता रही है। पहाड़ियों कटीली झाड़ियों में रहने वालों ने अपने जीने के अधिकार के लिए कई लड़ाईयां लड़ी। स्वाभिमान और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपने जीवन की आहूति देने में पीछे नहीं रहे। जिसमें से तिलका भीम, भीमा नायक रामा हब्शी, नंत राम देगी, राणा पूंजा, बिरसा मुंडा, गुण्डाधुर गोविंद गुरु जैसे अनेक नायकों ने जनजातियों को नेतृत्व देकर देश समाज की रक्षा का संदेश दिया। रानी दुर्गावती, रानी गाईदिल्यु, नूरा और सेला, काली बाई जैसी नायिकाओं ने भी जनजातीय समाजों को दिशा प्रदान की है। भारत के मध्य काल में जातियों के मध्य विभाजन की दरार के पश्चात स्वतंत्र भारत में धर्मांतरण की समस्या से जूझ रही जन जातियों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए राष्ट्रीय स्वायंसेवक संघ की महत्ती भूमिका है।

संघ का प्रयास यह है कि जनजातीय समाज में से ही जागरूक नेतृत्व खड़ा हो जो उनके हितों की रक्षा करें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी बने। इसलिए सबसे पहले संघ ने जनजातीय समाज को सशक्त बनाने के लिए सेवा भाव को अपनाया, उनमें स्वत्व और स्वाभिमान को जगाने का प्रयास किया। समाज के नायकों द्वारा संपूर्ण देश के लिए किए गए प्रयासों को पूरे देश के सामने लाकर उन्हें राष्ट्र नायक के रूप में अपनी पहचान दिलाने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। संघ विचारों से प्रेरित होकर वनवासी कल्याण परिषद के कार्यकर्ता जनजातीय समाज के बीच में रहकर उनके रीति-रिवाजों, कला संस्कृति और वेशभूषा के संरक्षण के लिए निरंतर साधनारत है।

जनजातियों के मध्य मतांतरण के विरोध के फलस्वरूप अनेक स्वयंसेवकों और संतों ने अपने जीवन की आहुति तक दी। उड़ीसा के स्वामी लक्ष्मणानंद इसका उदाहरण हैं असम में 2005 में उल्फा के आतंकियों ने स्थानीय समाज के लिए कार्य कर रहे संघ के कार्यकर्ता शुक्लेश्वर मेढ़ी की हत्या कर दी। वर्ष 2001 में त्रिपुरा में एनएलएफटी के लोगों ने संघ कार्य को मतांतरण करने में बाधा समझकर संघ के अनेक प्रचारकों का अपहरण कर यातनाएं दी लेकिन संघ प्रतिबंध दबाव से परे मातृभूमि की सेवा के लिए अनवरत सेवारत रहा है।

जनजाति समाज की सुरक्षा और संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दलित पिछड़े और आदिवासी वर्गों के मध्य सामाजिक समरसता के अभियान भी चलाता रहता है। जैसे एक कुआँ एक मंदिर एक श्मशान जैसे अभियान चलाए गए ताकि दलितों को समान धार्मिक-सामाजिक अधिकार मिलें। संघ की शाखाओं में जाति की पूछताछ नहीं की जाती, सभी भाई कहलाते है। जाति समरसता की नींव संघ की शाखा से शुरू होकर स्वयंसेवक के गृहस्थ जीवन तक समानता के भाव रहते हैं।

आज भारत में सात सौ से अधिक जन जातियां हैं। इनमें 75 जन जातियां अति पिछड़ी जनजातियां है। महाराष्ट्र में कातकारी जनजाति विकास से कोसों दूर थी। वनवासी कल्याण आश्रम के सहयोग से रायगढ़ के मानगांव विद्यालय में कातकारी समाज की पहली शिक्षित पीढ़ी का निर्माण हुआ है। अब इस विद्यालय में कातकारी के साथ ठाकुर जनजाति के भी 450 छात्र छात्राएं पढ़ रहे है।

तू-मैं एक रक्त के भाव से बाला साहब देशपाण्डे के नेतृत्व में जनजाति समाज के बीच कार्य शुरु हुआ था। आज जनजाति समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कल्याण आश्रम काम कर रहा है। आश्रम देश के 64 हजार 814 गांवों में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से लाखों जनजातीय वर्ग के बंधु-भगिनी लाभान्वित हो चुके हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिन्दू परिषद और सेवा भारती अनेक प्रकल्पों के माध्यम से भारत के प्रत्येक प्रांत में निवासरत जनजाति समाज के लिए चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन और समरसता के साथ-साथ स्वधर्म के जागरण का कार्य कर रहे हैं। एकल विद्यालयों के माध्यम से ये संगठन भारत और भारतीयता की शिक्षा का कार्य एवं प्रचार प्रसार जनजातीय समाज में कर रहे हैं। सूदूर पूर्वोत्तर इलाकों में संघ की शाखाएं स्व, स्धवर्म और समरसता का मंत्र लेकर अनेक स्वयंसेवक, कार्यकर्ता आत्मीय भाव से हिन्दू समाज को एकता के सूत्र में बांध रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की साधना के शताब्दी वर्ष तक अनेक परिवर्तन हुए लेकिन हिन्दू समाज में स्वत्व का भाव संघ का ध्येय है, यह कार्य सतत चल रहा है।

विविधिता में एकता से समाज को संगठित करने तथा पूर्वोत्तर के मैतई और कूकी समाज के बीच फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए संघ के अनेक कार्यकर्ता बंधुभाव से सदभाव बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इसे मुख्य एजेंडे में शामिल करते हुए "संवाद के जरिए समाधान" का प्रस्ताव पास किया। जनजातीय समाज के नेताओं को संघ के कार्यक्रमों में मुख्यातिथि के रूप में सम्मान देना संघ का सहदय बंधु भाव को दर्शाता है। संघ शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन के सूत्रों को आत्मसात कर देश में समरस समाज का संदेश देता है। संघ कार्य का आधार सत्य और प्रेम है।

संघ प्रमुख श्रीमान मोहन भागवत कहते हैं कि शमशान, मंदिर और पानी सब हिन्दुओं के लिए एक होना चाहिए हिंदू समाज के सभी पंथ ,जाति, समुदाय साथ आएं,यही संघ की परिकल्पना है, हमारा उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना है।

**'न हिंदू पतितो भवेत'** के भाव से सृष्टि की सत्ता के अधीन सबके कल्याण में ही स्वयंसेवक का सुख है। इस भाव से बना समरस समाज ही संघ का मूल मंत्र है जिसमें जनजातीय समाज हिन्दू समाज का अभिन्न अंग है।

**-डॉ. निमिषा गौड़,**
**सहायक आचार्य,**
**कनोड़िया पी. जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर।**

# 2 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट से राजस्थान की हर गली-हर सड़क होगी जगमग

## त्योहारी सीज़न से पहले सीएम की अहम घोषणा



कुणाल वशिष्ठ

राज्य सरकार की ओर से राज्यवासियों के लिए बड़ी सौगात दी गई है। रविवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों की रात्रिकालीन सुरक्षा, ऊर्जा बचत और बेहतर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बजट 2025-26 में प्रस्तावित 1 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइटों की संख्या बढ़ाकर अब 2 लाख करने का अहम निर्णय लिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रदेश की हर सड़क, हर मोहल्ला और हर बाजार रोशनी से जगमगाए। यह केवल रोशनी का कार्य नहीं बल्कि सुरक्षित और आधुनिक राजस्थान के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि त्योहारी सीज़न को देखते हुए इस कार्य की शुरुआत दीपावली से पूर्व की जाए ताकि प्रदेश की सड़कें और भी सुंदर दिखाई दें।

स्वायत्त शासन विभाग के सचिव श्री रवि जैन ने बताया कि राज्य की 312 नगरीय निकायों में बढ़ती आबादी और क्षेत्रीय विस्तार को देखते हुए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विज़न के अनुरूप पुरानी और कमज़ोर लाइटों को हटाकर नई एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी। श्री जैन कहा कि यह निर्णय न केवल शहरों की सूरत बदलेगा बल्कि नागरिकों के जीवन में सुरक्षा और सहजता का भाव भी जोड़ेगा। यह पहल ऊर्जा की बचत करेगी, दुर्घटनाओं में कमी लाएगी और लोगों को रात के समय भी सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभाग अतिशीघ्र प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर इस कार्य को शुरू करेगा।

उल्लेखनीय है की स्वायत्त शासन विभाग द्वारा शहर चलो अभियान के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राज्य की सभी नगरीय निकायों में नई स्ट्रीट लाइट लगाने और बंद लाइट को चालू करने का कार्य भी किया जाएगा । इसी के साथ ही स्वायत्त शासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों में आमजन की स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सड़क से संबंधित शिकायतों और सुझाव के लिए राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 181 भी जारी किया गया है ।

**-कुणाल वशिष्ठ,**
**एपीआरओ, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान**

# सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गुप्ता सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रान्तीय उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर लवानियां एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कालीचरण तराना ने सीनियर नर्सिंग ऑफिसर "चन्द्रप्रकाश गुप्ता को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया।

भूतपूर्व नर्सिंग अधीक्षक दीवान सिंह ने चन्द्रप्रकाश गुप्ता के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में नर्सिंग अधीक्षक लोकेश सिंघल, विष्णु गुप्ता, अभय प्रताप, प्रियांका देवी, प्रीति सिंह, दिलीप गुप्ता, विजय शर्मा, तरूण सिंघल, योगेश गर्ग, मनोज सिंघल एवं अम्बेश गोयल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन "लोकेश सिंघल" ने किया तथा आभार "विष्णु गुप्ता" ने व्यक्त किया।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 303 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 6 सितम्बर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# ट्रम्प के ''ट्रेड'' सलाहकार की राय पर अमेरिका ''सर्विस सेक्टर'' पर भी टैरिफ लगायेगा?

## इस नए टैरिफ से भारत का आई.टी. सेक्टर ''पंक्चर'' हो जायेगा

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। अगर डॉनल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की बातों को संकेत माना जाए तो अमेरिका की तरफ से भारत को एक और झटका लग सकता है।

नवारो ने दूरस्थ काम करने वाले कर्मचारियों और विदेशी सेवा प्रदाताओं (ऑफ शोर सर्विस प्रोवाइडर्स) पर टैरिफ लगाने का सुझाव दिया है। ऐसा कदम भारत को घातक चोट पहुँचा सकता है, न सिर्फ इसके निर्यात को बल्कि पूरे सेवा क्षेत्र और अर्थव्यवस्था को भी।

पूर्व का टैरिफ वॉर इसकी तुलना में बहुत मामूली लगेगा, क्योंकि ऐसा कदम भारतीय कंपनियों और अर्थव्यवस्था को गहरी क्षति पहुँचा सकता है। पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं, जिनमें चीन भी शामिल है और जो भौतिक वस्तुओं के निर्यात पर आधारित थीं, के विपरीत, भारत की सफलता की कहानी विदेशी कंपनियों और सरकारों को सेवाएँ देने

- **चीन व पूर्वी एशिया के देश मुख्य रुप से सामान निर्यात करते हैं अमेरिका को, पर भारत का निर्यात ''आई.टी. सर्विसेज़'' है, और यह निर्यात अब 250 अरब डॉलर पहुंच गया है और आई.टी. निर्यात की सफलता के कारण ही भारत ने विदेशों में अपनी पहचान बनाई है।**
- **शायद ''सर्विसेज़'' पर टैरिफ लगाने की योजना शुरु से ही थी ट्रम्प की, अतः पहले परम्परागत सामान पर टैरिफ लगाना, पूर्व निश्चित रणनीति थी और अब द्वितीय चरण में सर्विस सेक्टर को टैरिफ के दायरे में लेने का इरादा है।**
- **यह दूसरा चरण, पहले चरण से कहीं ज्यादा भारी पड़ेगा भारत के लिये।**

पर आधारित रही है।

भारत को इस खतरे से निपटने के लिए तुरंत नई रणनीति बनानी होगी और इस मोर्चे पर शांति बनाए रखने के लिए शायद एक-दो कदम पीछे हटना पड़े।

अब तक सेवाओं का निर्यात (सर्विसेज़ एक्स्पोर्ट) ट्रंप के टैरिफ वॉर के दायरे से बाहर था और टैरिफ वॉर में केवल भौतिक वस्तुओं का निर्यात शामिल था। अब नवारो की भड़ास सेवाओं के निर्यात को भी कवर करना चाहती है, जिस पर भारतीय अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा सफलता और पहचान के लिए आधारित रहा है।

भारत की सर्विस इण्डस्ट्री (सेवा क्षेत्र) 250 अरब डॉलर से अधिक तक फैल चुकी है, जिसका बड़ा हिस्सा सेवाओं के निर्यात से आता है, यहाँ तक कि फ़ॉर्च्यून 500 कंपनियाँ भी सेवा निर्यात में शामिल हैं। इनमें कोडिंग, सॉफ़्टवेयर इंजीनियरिंग, परामर्श और बैक ऑफिस का काम शामिल है।

ये सेवाएँ लगातार विकसित होती रही हैं और हाल ही में भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और अमेरिकी खरीदारों के बीच लेन-देन की सूची में और भी उच्च मूल्य और जटिल सेवाएँ जुड़ी हैं। कई अमेरिकी कंपनियों ने अपने बैक ऑफिस और ''ग्लोबल केपबिलिटी सेंटर्स'' भारत में स्थापित किए हैं। ये केंद्र भविष्य की परियोजनाओं और अत्याधुनिक क्षेत्रों पर काम करने वाली इन कंपनियों के ब्रेन हैं।

नवारो और उनके जैसे लोग सुझाव दे रहे हैं कि नए कर तंत्रों के माध्यम से इन कर्मचारियों पर टैक्स लगाया जाए, भले ही वे दूरस्थ टैक्स क्षेत्राधिकार में हों। उनकी एम्प्लॉयर कंपनियों से, विदेशी केंद्रों से मिलने वाले काम पर टैरिफ (शुल्क) लिया जा सकता है।

ऐसे विचार शायद शुल्क अभियान की शुरुआत से ही दिमाग में रहे होंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 18 माह की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी फूफा को आजीवन कारावास

जयपुर, 5 सितंबर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर द्वितीय ने डेढ़ साल की अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त फूफा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर 1.10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत आठ लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देने को कहा है। पीठासीन

- **पॉक्सो मामलों की विशेष जज मीना अवस्थी ने कहा, अभियुक्त ने सगा फूफा होकर रिश्तों की गरिमा को तार-तार किया है, उसने दानव की तरह पैशाचिक कृत्य किया है।**

अधिकारी मीना अवस्थी ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त ने सगा फूफा होते हुए 18 माह की बच्ची से दुष्कर्म कर रिश्ते की गरिमा और विश्वास को तार-तार किया है। उसने दानव की तरह पैशाचिक कृत्य किया है। इस दौरान पीड़िता को कितना दर्द हुआ होगा, यह कल्पना से परे है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नेपाल ने फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और यू ट्यूब पर बैन लगाया

## नेपाल ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया, इनमें फेसबुक, यू ट्यूब, इंस्टाग्राम और एक्स शामिल हैं

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 5 सितम्बर। नेपाल की के. पी. शर्मा ओली सरकार ने गुरुवार (4 सितंबर, 2025) को फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और यूट्यूब समेत, कुल 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। सरकार ने इन कंपनियों पर नेपाल में पंजीकरण की अनिवार्यता का पालन नहीं करने का आरोप लगाया।

सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए नेपाल के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि उसने नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण को सभी गैर-पंजीकृत सोशल मीडिया साइट्स को तब तक निष्क्रिय करने का आदेश दिया है, जब तक वे पंजीकरण नहीं करा लेतीं।

सरकार ने बार-बार के अनुरोधों के बाद 28 अगस्त को सोशल मीडिया कंपनियों को पंजीकरण के लिए 7 दिनों की अंतिम समयसीमा दी थी, जो बुधवार रात को समाप्त हो गई।

- **सरकार की ओर से प्रतिबंध का कारण इन साइट्स द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का पालन नहीं करना बताया गया है।**
- **नेपाल के दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया और कहा कि ये सभी सोशल मीडिया साइट्स तब तक ''इनएक्टिव'' रहेंगी जब तक वे रजिस्ट्रेशन नहीं करा लेती।**
- **सरकार के बार-बार आग्रह पर भी इन साइट्स ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद 28 अगस्त को 7 दिन की डैडलाइन दी गई जो बुधवार रात खत्म हो गई। इसके बाद सरकार ने प्रतिबंध लगाने का कठोर कदम उठाया।**

बुधवार दोपहर को मंत्रालय के प्रवक्ता गजेन्द्र ठाकुर ने कहा था कि सरकार को उम्मीद है कि सोशल मीडिया कंपनियां समयसीमा खत्म होने (अर्द्धरात्रि) से पहले संपर्क करेंगी। लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करतीं, तो सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी।

चूंकि कोई भी कंपनी आगे नहीं आई, इसलिए गुरुवार को मंत्रालय में हुई बैठक में प्रतिबंध लागू करने का फैसला लिया गया।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों ने इस कदम का विरोध किया है। उनका कहना है कि यह कदम नियमन (रेग्यूलेशन) से अधिक असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिश है।

उनका मानना है कि सरकार द्वारा निर्धारित पंजीकरण की शर्तें, जिनमें

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूरोप के 26 देश यूक्रेन के पक्ष में एकजुट, पर ट्रंप के रुख पर संदेह

## इन 26 देशों ने रूस के हमले को रोकने के लिए यूक्रेन में सेना तैनात करने पर भी सहमति दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितंबर। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को कहा कि 26 देशों ने यूक्रेन में भविष्य के किसी भी शांति समझौते को सुनिश्चित करने का वादा औपचारिक रुप से किया है, जिसमें रूसी आक्रामकता को रोकने के लिए सैनिकों की तैनाती भी शामिल है।

मैक्रों ने पेरिस में हुए एक शिखर सम्मेलन के बाद यह बात कही, जिसमें 30 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख शामिल हुए थे, जिनमें से कई वीडियो लिंक के ज़रिए जुड़े थे, लेकिन इस बात का ज्यादा विवरण सामने नहीं आया कि यूरोपीय देश किस तरह से मदद करेंगे या फिर अमेरिका की भागीदारी क्या होगी।

यह बैठक राष्ट्रपति ट्रंप को इस योजना के लिये अमेरिका का पूरा समर्थन देने को राजी करने के लिए यूरोपीय देशों की नवीनतम कूटनीतिक

- **पेरिस में हुए एक शिखर सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक यूक्रेन में युद्ध रोकने की यूरोपियन कूटनीतिक पहल का अंग थी।**
- **मीटिंग में अधिकांश देश वीडियो कॉन्फ्रैंस के जरिए शामिल हुए थे। ट्रंप के शांति दूत स्टीव विटकॉफ भी मीटिंग में शामिल हुए। बताया जाता है कि ट्रंप ने मीटिंग के दौरान कॉल किया था।**

कोशिश थी। ट्रंप के शांति दूत स्टीव विटकॉफ इसमें शामिल हुए और वाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि ट्रंप ने बैठक में फोन पर बात की।

मैक्रों ने कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो रूस को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, जिसमें अमेरिका भी शामिल होगा। लेकिन ट्रंप पहले भी प्रतिबंधों की धमकी दे चुके हैं, जिन पर अमल नहीं हुआ।

बैठक के दौरान, ट्रंप ने यूरोपीय देशों से कहा कि वे रूसी तेल न खरीदें और चीन पर और दबाव डालें, क्योंकि वह रूस के युद्ध को धन मुहैया करा रहा है।

अब तक केवल फ्रांस, ब्रिटेन और एस्तोनिया ने सार्वजनिक रूप से संकेत दिया है कि वे युद्ध के बाद के यूक्रेन में सैनिक भेज सकते हैं। अधिकांश यूरोपीय देश इस बात पर सवाल उठा रहे हैं कि अगर नाटो सैनिकों पर हमला हुआ तो वॉशिंगटन वास्तव में सैन्य रुप से उनका साथ देगा या नहीं।

# अधूरी केस डायरी पेश करने के आरोपी एसीपी को राहत

जयपुर, 5 सितंबर। जिले की न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने 11 साल पहले दुष्कर्म के आरोपी की जमानत पर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पीड़िता के 164 के बयान केस डायरी में शामिल नहीं करने के आरोपी जवाजा, अजमेर के तत्कालीन एसएचओ व हाल में

- **एसीपी पर दुष्कर्म के एक मामले में दुष्कर्म के आरोपी की केस डायरी में पीड़िता के, धारा 164 के तहत दर्ज बयान को शामिल नहीं करने का आरोप था। अदालत ने एसीपी को आरोप मुक्त कर दिया है।**

एसीपी पारसमल को दोषमुक्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर पाया कि आरोपी ने 19 दिसंबर 2014 को लोक सेवक होते हुए जानबूझकर हाईकोर्ट के समक्ष अधूरी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'नई जी.एस.टी. प्रणाली से राज्यों को हुए नुकसान की भरपाई कब और कैसे होगी?'

## तृणमूल कांग्रेस के सांसद डैरेक ओ'ब्रायन ने सवाल उठाया

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 5 सितंबर। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने आज वस्तु एवं सेवा कर (गुड्स एंड सविर्सेज टैक्स-जीएसटी) के लंबे समय बाद हुए सरलीकरण का स्वागत किया, लेकिन यह भी पूछा कि राज्यों को होने वाले टैक्स नुकसान की भरपाई कहां है?

ओ'ब्रायन ने बताया कि 2015 में जीएसटी बिल पर बनी संसद की प्रवर समिति की रिपोर्ट में सिफारिश की गई थी कि कर की दर 18 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए और टैक्स की विविधता से बचा जाना चाहिए।

अब ये हो गया। देर से ही सही, बेहतर है, ओ'ब्रायन ने लिखा, जो उस प्रवर समिति के सदस्य थे। उन्होंने अपने ब्लॉग में लिखा, ''चलो, अब यह हो गया। कमी नहीं से देर भली।''

बुधवार को जीएसटी काउंसिल ने दो-स्तरीय ढांचे की घोषणा की, जिसे केन्द्र सरकार एक बड़ा सुधार बताकर सराह रही है।

- **ओ'ब्रायन ने यह भी चिन्ता जताई कि जी.एस.टी. से ज्यादा हानिकारक है, सरकार द्वारा लगाया ''सैस''। यह रकम 2012 में बजट का सात प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर, 2025 में बजट का बीस प्रतिशत हो गई है।**
- **ओ'ब्रायन के अनुसार ''सैस'' का सारा पैसा, केन्द्रीय सरकार के पास जाता है, इसमें से राज्य सरकार को एक पैसा भी नहीं मिलता।**
- **अतः केन्द्रीय सरकार को हो रही आमदनी का वो हिस्सा जो, राज्य सरकारों में बांटा जा रहा है, उसका स्कोप घटता जा रहा है।**
- **ओ'ब्रायन के अनुसार, सैस व सरचार्ज के तहत केन्द्रीय सरकार के पास 5.7 लाख करोड़ रुपया है।**
- **ओ'ब्रायन के अनुसार, केन्द्रीय सरकार की टोटल रेवेन्यु का 89 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार में बंटता था, जो अब घटकर टोटल रेवेन्यु का केवल 79 प्रतिशत रह गया है।**

ओ'ब्रायन ने कहा कि अर्थशास्त्री अमित मित्रा, जो कभी ''एम्पावर्ड कमेटी ऑफ स्टेट फायनेंस मिनिस्टर्स ऑन जीएसटी'' अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सलाहकार रहे हैं, ने भी जीएसटी के सरलीकरण का स्वागत किया पर शर्त रखी कि इसका लाभ आम जनता तक पहुंचे।

ओ'ब्रायन ने मित्रा के हवाले से लिखा, एक एंटी-प्रॉफिटियरिंग समिति थी, जो यह सुनिश्चित करती थी कि जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। वह समिति अब नहीं रही है। दूसरा सवाल यह भी है कि राज्यों की भरपाई कैसे होगी। जीएसटी काउंसिल में 11 मंत्रियों ने भरपाई की मांग की थी, लेकिन उनकी आवाजें दबा दी गईं।''

ओ'ब्रायन ने लिखा कि राजस्व सचिव ने कहा कि 48000 करोड़ रु. की राजस्व हानि होगी। लेकिन उन्होंने आपूर्ति श्रृंखला को ध्यान में नहीं रखा। यह आसानी से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक होगी।

तृणमूल के राज्यसभा नेता ने कहा कि जीएसटी को लेकर इतनी अधिक जितनी चर्चा हो रही है, लेकिन केन्द्र सरकार उपकर (सेस) के मुद्दे पर चुप है।

उन्होंने लिखा, जीएसटी की सारी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुम्बई में बम धमाके करने की धमकी

मुंबई, 05 सितम्बर। मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला। इसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों

- **मुंबई पुलिस को वॉट्सऐप पर यह धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें कहा गया कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ गए हैं तथा 34 गाड़ियों में 400 किलो आर डी एक्स लगाकर ब्लॉस्ट करेंगे।**

में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।

धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने हाईअलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक बार फिर भारत-पाकिस्तान को ''क्लाईमेट चेंज'' के मामले में मजबूरन ''संयुक्त रणनीति'' बनानी पड़ेगी?

## 1960 में जब शीत युद्ध की प्रतिस्पर्धाएं चरम पर थीं, भारत-पाक इण्डस वैली ट्रीटी पर हस्ताक्षर करने के लिये विवश हुए थे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 सितंबर। यदि किन्ही दो देशों को जलवायु परिवर्तन पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए तो वे भारत और पाकिस्तान हैं। दोनों जलवायु परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति पर स्थित हैं। वर्ष 2022 में, पाकिस्तान ने वह झेला जिसे संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ''जलवायु संहार (क्लाइमेट कार्नेज)'' कहा था - जब अभूतपूर्व बाढ़ से 3.3 करोड़ लोग विस्थापित हुए और 30 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। भारत में भी हिमालयी क्षेत्र में बादल फटने और बाढ़ आने से घर, स्कूल सड़कें तबाह हो रही हैं।

फिर आती है सर्दी। हर साल, उत्तरी भारत और पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र में स्मॉग धुंध छा जाती है - दृश्यता शून्य हो जाती है, उड़ानें रद्द होती हैं, और करोड़ों लोग दमघोंटू हवा में जीते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह जहरीली हवा हर साल हजारों जिंदगियों को छोटा कर देती है। जैसा कि लाहौर के एक जलवायु कार्यकर्ता ने कहा,

- **अब यू.एन. (संयुक्त राष्ट्र संघ) ने तीन सौ अरब डॉलर का फंड स्थापित किया, जो विभिन्न देशों में वितरित किया जायेगा, ''क्लाइमेट चेंज'' के दुष्प्रभाव का सामना करने के लिये।**
- **पर, इस फंड का लाभ लेने के लिये, सभी राष्ट्रों को एन.डी.सी. (नेशनल डिटरमिंड कॉन्ट्रीब्यूशन) पेश करने होंगे।**
- **भारत -पाक ने 2022 से एन.डी.सी. प्रस्तुत नहीं की है। रिपोर्ट पेश करने की डैड लाइन सितम्बर है।**
- **एक ''क्लाईमेट-चेंज'' विशेषज्ञ के अनुसार, धुंध व अन्य दुष्प्रभावों को, भारत -पाक के बीच आवागमन के लिये वाघा सीमा पर, पासपोर्ट की जरुरत नहीं होती।''**
- **आज जो तबाही मची है उत्तरी भारत में, उससे भी बदतर तबाही पाकिस्तान ने, 2022 में देखी थी, 33 मिलियन लोग बेघर हुए थे, तथा तीस अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ था।**
- **क्या ''क्लाईमेट चेंज'' से निपटने के लिए ये मजबूरन यह ट्रीटी होगी?**

''धुंध को वाघा पार करने के लिए पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती। हमारी साझा हवा ही हमारा साझा संकट है।''

1960 में, शीत युद्ध के तनावों के बीच, दोनों देशों ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे एक महत्वपूर्ण नदी प्रणाली को साझा किया गया था। जलवायु परिवर्तन एक ऐसा क्षेत्र हो सकता है जहां आवश्यकता फिर से परस्पर सहयोग की मांग करे।

भीषण गर्मियों की आने वाली बाढ़ और सर्दियों में दमघोंटू धुंध के बावजूद ये दोनों पड़ौसी देश भारत और पाकिस्तान वर्ष 2022 और 2021 के बाद से अपनी जलवायु कार्रवाई योजनाओं को अपडेट नहीं कर पाए हैं, जबकि दांव पर अरबों डॉलर लगे हैं।

दक्षिण एशिया एक बार फिर जलवायु संकट की चपेट में है। इस समय, उत्तरी भारत में मूसलधार बारिश ने गांवों और खेतों को डुबो दिया है, पाकिस्तान में भी उफनती नदियां घरों और खेतों को बहा ले जा रही हैं।

पिछले साल बाकू में हुए सीओपी 29 सम्मेलन में, देशों ने जलवायु वित्त के लिए एक नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) पर सहमति जताई थी। इस समझौते के तहत विकासशील देशों के लिए हर साल 300 अरब डॉलर जुटाने का संकल्प किया गया है, जो 2035 तक बढ़कर 1.3 ट्रिलियन प्रति वर्ष हो जाएगा।

ये फंड देशों को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने, स्वच्छ ऊर्जा में निवेश करने और बाढ़, सूखा व तूफानों जैसी आपदाओं से निपटने में मदद करने के लिए हैं। लेकिन इनका लाभ तभी मिलेगा जब देश अपने नैशनली डेटरमाइन्ड कॉन्ट्रीब्यूशन (एनडीसी) को अपडेट करेंगे। बिना अपडेटेड योजनाओं के, ये पैसा मिलना असंभव है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब तक केवल 30 से कम देशों ने ही अपनी एनडीसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पंजाब के मु.मंत्री मान अस्पताल में भर्ती

पंजाब, 05 सितम्बर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत पिछले दो दिनों से खराब चल रही है और स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा है। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए

- **भगवंत मान दो दिन से बुखार से पीड़ित हैं, तबियत में सुधार न होते देख डॉक्टर्स ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।**

डॉक्टरों ने अस्पताल में भर्ती कर निगरानी और इलाज की सलाह दी है।

वहीं, इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अपने तय दौरे से पहले बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। सूत्रों के अनुसार, मान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अजमेर के बोराज तालाब की पाल टूटने के बाद तबाही का मंजर, कॉलोनियों में भरा पानी

## प्रशासन की तत्परता से जनहानि टली, मुस्तैदी से डटा रहा

**अजमेर** (कासं)। अजमेर जिले में हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बोराज गांव स्थित प्रमुख तालाब की पाल गुरूवार देर रात भारी बारिश के दबाव के चलते टूट गई। पाल टूटते ही सैलाब का पानी तेजी से आसपास की आवासीय कॉलोनियों में घुस गया, जिससे स्थिति गंभीर हो गई। जिला प्रशासन की त्वरित और एहतियाती कार्रवाई के चलते किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बोराज तालाब की पाल टूटने के बाद निकले पानी ने बोराज गांव और उससे सटी कई कॉलोनियों को अपनी चपेट में ले लिया। घरों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कें जलमग्न हो गई हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। बारिश के पानी से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है और लोगों को



अजमेर जिले में हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

अपने घरों से बाहर निकलने में भी दिक्कतें आ रही हैं। कई निचले इलाकों में तो घरों के भीतर कमर तक पानी भर गया, जिससे गृहस्थी का सामान भीग गया है। इस गंभीर स्थिति के दौरान जिला प्रशासन दिन भर पूरी मुस्तैदी से डटा रहा।

■ घरों में पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़

बताया जा रहा है कि बारिश के संभावित खतरे और तालाब के जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सेकड़ो घरों को खाली करवा लिया था। पाल टूटने की सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आपदा प्रबंधन दल, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों को मौके पर रवाना कर दिया। सहायता और बचाव दल ने तत्काल प्रभाव से जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया। प्रशासन ने इन प्रभावित और विस्थापित लोगों के लिए भोजन, पानी, दवाएं और ठहरने के पर्याप्त इंतजाम किए हैं।

## नोटिस पर तहसीलदार ने मेडिकल कराया

भीलवाड़ा । फर्जी डिग्रीधारी तहसीलदार कंचन चौहान के मामले में नया मोड़ आ चुका है। विकलांगता सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी लेने वाली कंचन चौधरी को एसओजी ने नोटिस जारी किया है।

इस नोटिस के अनुसार कंचन के श्रव्यबाधिता का मेडिकल परीक्षण एसओजी कर रही है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस और एसओजी जयपुर ने नोटिस दिया है। इसके अनुसार कंचन चौहान के आधार कार्ड, तहसीलदार नियुक्ति पत्र के साथ ही 4 फोटो लेकर उपस्थित होने के आदेश दिए।

अभी रिपोर्ट की जांच होना बाकी है। इस जांच के आधार पर तय हो जाएगा कि कंचन चौहान ने विकलांगता के आरक्षण के लिए जो सर्टिफिकेट लगाया था वह असली है या नहीं है। गौरतलब है कि कंचन चौहान ब्यावर विधायक की बेटी हैं।

भीलवाड़ा जिले के करेड़ा में कार्यवाहक तहसीलदार के पद पर कार्य कर रही थीं। ब्यावर के ही व्यक्ति ने कंचन चौहान के विकलांगता सर्टिफिकेट के फर्जी होने को लेकर शिकायत की थी।

## अखिल भारतीय समन्वय बैठक जोधपुर में शुरु

**जोधपुर/जयपुर**, । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा संघ प्रेरित संगठनों की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक का शुभारंभ आज जोधपुर में हुआ। बैठक का प्रारंभ परम पूज्य सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत तथा सरकार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्पण एवं संगठन मंत्र वाचन के साथ हुआ। यह बैठक 5 से 7 सितम्बर तक चलेगी, जिसमें संघ से जुड़े 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। बैठक का उद्देश्य है - वर्षभर के कार्यों का मूल्यांकन, अनुभवों का आदान-प्रदान, दिशा निर्धारण तथा आगामी योजनाओं का समन्वय।

■ संघ शताब्दी एवं पंच परिवर्तन पर हो रही विशेष चर्चा

बैठक में संघ के सभी 6 सहसरकार्यवाहों के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार, संगठन मंत्री मिलिंद परांडे, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका शांता अक्का, प्रमुख कार्यवाहिका ए. सीता गायत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, संगठन मंत्री आशीष चौहान, सक्षम के अध्यक्ष डॉ. दयाल सिंह पवार, संगठन मंत्री चंद्रशेखर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष ले. जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, संगठन मंत्री बी.एल. संतोष, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संगठन मंत्री अतुल जोग, सीमा जागरण मंच के संयोजक मुरलीधर सहित अन्य संगठन प्रमुख भी उपस्थित हैं। बैठक स्थल की सज्जा भी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संदेश लिए हुए है। सभागार में प्रवेश हेतु रानी अबक्का द्वार एवं हल्दीघाटी द्वार की प्रतीकात्मक रचना की गई है।

# जवाई बांध में पानी 58.80 फुट पर आया, कभी भी खुल सकता है फाटक



प्रशासन अलर्ट हो गया है, कभी भी बांध की फाटक खोल सकते हैं।

पाली, (नि.सं.)। पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा बांध जवाई बांध अपनी भराव क्षमता के करीब पहुंच गया है, शुक्रवार शाम को 58.80 फूट रहा, इसकी भराव क्षमता 61 फीट है।

प्रशासन अलर्ट हो गया है, कभी भी बांध की फाटक खोल सकते हैं। जवाई बांध की सहायक बेड़ा नदी भी चल रही है और सही बांध से भी पानी आ रहा हैं इस साल 10 वीं बार बांध की फाटक खुलेगी, किसान संघर्ष समिति भी सिंचाई के लिए पानी के लिए

■ पाली के निकट सोनाई माझी गांव की नदी में एक बाइक सवार फिसल कर बही

बैठके कर रही है। बांध पूर्णता भरने पर किसानों को तीन से 4 पान पानी मिलता है। वहीं गुरुवार को भी जिले में बारिश का दौर जारी रहा। रोहट जालौर मार्ग पर रेडियो नदी वेग से बह रही है, 4 फीट पानी भरने से करीब 14 घंटे सड़क मार्ग बंद रहा। आज भी 2 फुट पानी बह रहा है। मार्ग पर तो भी लोग जोखिम डालकर पानी में से निकल रहे हैं। पाली के निकट सोनाई माझी गांव की नदी में एक बाइक सवार फिसल कर बह गया। पाली के हेमावास बांध, सरदार समंद बांध गजनी बांध, सहित आधा दर्जन से अधिक बांधों पर चादर चल रही है। शुक्रवार को देसूरी नाडोल में शाम 6 बजे 1 घंटे जमकर बारिश हुई।

## 42 वर्ष बाद छलका राजियावास तालाब

**ब्यावर** (निसं) समीपवर्ती राजियावास गांव के ऐतिहासिक तालाब की चादर 42 वर्षों बाद चलने लगी तो समूचे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गुरुवार सुबह ग्रामवासियों ने पारंपरिक गाजे-बाजे, डीजे की धुन पर थिरकते हुए अत्यंत उत्साह के साथ तालाब रूपी गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना कर खुशियां मनाई।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर तालाब की महत्ता एवं जल संरक्षण का संकल्प भी लिया। वरिष्ठ जनों ने इसे गांव की समृद्धि एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए शुभ संकेत बताया।तालाब के छलकने से किसानों, पशुपालकों और आम ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे शामिल हुए और समृद्धि की मंगल कामना की।

## खेत सिंह मर्डर के आरोपियों की दुकानों पर बुलड़ोजर चलाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर के डांगरी गांव में हुए खेत सिंह हत्याकांड के 3 आरोपियों की अवैध प्रॉपर्टी को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। गुरुवार देर रात वार्ता में मांगों पर सहमति बनने के बाद प्रशासन ने बुलडोजर से 5 अवैध दुकानों को तोड़ा।

अपराधियों ने 150 बीघा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर खेती कर रखी थी। प्रशासन ने देर रात इस जमीन से भी तारबंदी को हटाया। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे खेत सिंह का शव डांगरी गांव लाया गया, जहां पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले गुरुवार को धरना-प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारी बेकाबू हो गए थे और गांव में घुसकर गाड़ी में आग लगा दी और पथराव शुरू कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज करने के साथ आंसू गैस के गोले छोड़कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। दिनभर गांव में तनाव की स्थिति बनी रही। देर रात 10 बजे ग्रामीणों और प्रशासन के बीच हुई वार्ता में मांगों पर सहमति बनी तो ग्रामीणों ने धरना खत्म कर दिया और अंतिम संस्कार के लिए माने। ग्रामीणों ने कहा-आरोपियों के अवैध अतिक्रमण के साथ ही गांव में जहां भी अवैध अतिक्रमण है, उनको तोड़ा जाए। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी और आर्थिक सहायता देने के साथ ही पकड़े गए 26 प्रदर्शनकारियों को छोड़ने की मांग रखी गई। प्रशासन ने संविदा पर नौकरी और आर्थिक सहायता की मांग पर सहमति जताई।

# एक ग्राहक के पास दो सिम, दूसरे का साइबर ठगी में प्रयोग

## एक ही ग्राहक के दो बार थंम इंप्रेशन और फोटो लेकर मोबाइल की फर्जी सिमें जारी करवाई

**बीकानेर** । एक ही ग्राहक के दो बार थंम इंप्रेशन और फोटो लेकर मोबाइल की फर्जी सिमें जारी करने और उनसे साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस मुख्यालय से जानकारी मिलने पर नापासर थाना पुलिस की प्रारंभिक जांच में फर्जीवाड़ा उजागर हुआ और साइबर थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

पीएचक्यू से बीकानेर के नापासर में मोबाइल की फर्जी सिमें जारी होने की सूचना मिली थी। नापासर पुलिस थाने के कांस्टेबल विजयपाल ने छानबीन की तो उजागर हुआ कि छतरी या स्टॉल लगाकर सिम जारी करने वाला पीओएस सुनील मेघवाल ग्राहकों के दो बार थंम इंप्रेशन और फोटो लेकर दो-दो सिमें जारी करता है। इनमें से एक सिम ग्राहकों को देता है और दूसरी साइबर ठगों तक पहुंचाता है। फर्जी तरीके से हासिल की गई सिम से ठग साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस ने नापासर के मूंडसर निवासी परमाराम, महेन्द्र लुहार और तोलाराम नायक के नाम से जारी सिमों की छानबीन की। इससे पता चला कि तीनों को धोखे में रखकर आईडी व अन्य कागजात हासिल कर इनके नाम से दो-दो सिमें जारी की गई। एक सिम इन्हें दी गई और दूसरी सिम साइबर ठगों तक पहुंची। सुनील करीब एक साल से नापासर, मूंडसर, सींथल, गाडवाला, श्रीडूंगरगढ़ में कैंप लगाकर फर्जी सिमें जारी करने के गोरखधंधे को अंजाम दे रहा है। आशंका जताई जा रही है कि वह अब तक करीब 100 फर्जी सिम साइबर ठगों तक पहुंचा चुका है। नापासर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है जिसकी जांच साइबर पुलिस थाने के इंस्पेक्टर रमेश सर्वटा को सौंपी गई है। सुनील से पूछताछ की जा रही है। साइबर पुलिस पता लगाएगी कि साइबर ठगी करने वाली गैंग के लोग कौन हैं और उन्होंने अब तक कहां, कितने लोगों के साथ ठगी की वारदात की। पीओएस सुनील मेघवाल ग्राहकों से थंम इंप्रेशन, फोटो और आईडी लेकर उन्हें धोखे में रखकर डमी सिम देता और 24 घंटे में शुरू होने का आश्वासन देता था। लेकिन, 24 घंटे में सिम शुरू नहीं होती तो ग्राहक सुनील के पास पहुंचते। सुनील दुबारा थंम इंप्रेशन और फोटो लेकर उनके नाम से एक और सिम जारी कर लेता था।

# निजी बस व कार की टक्कर में एक महिला व पुरुष की मौत




**डीडवाना** । जिले के मौलासर बाईपास पर शुक्रवार को सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक निजी बस और कार में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद बस कार पर ही पलट गई, जिससे कार में सवार सभी लोग उसके नीचे दब गए। इस कारण कार बुरी तरह से कुचल गई और दो जनों की मौके पर मौत हो गई। जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में चंदा देवी जाती बावरी निवासी अलखपुरा दिनाराम पुत्र सुखराम जाति जाट निवासी डीकावा वही घायलों को डीडवाना, मौलासर और कुचामन के अस्पतालों में लाया गया है। कुछ घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं मौके पर पुलिस व प्रशासन की टीमें भी पहुंच चुकी है, जिन्होंने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। सुबह 9 से 10 के बीच मौलासर कस्बे के बाईपास पर एक निजी बस कुचामन से डीडवाना की ओर आ रही थी जबकि एक कार डीकावा गांव की तरफ से मौलासर आ रही थी। इसी दौरान बाईपास पर बस ने कार को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस प्रयास में दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह से पिचक गई और उसमे बैठे सवार कार में ही फंस गए। वही बस का आगे का हिस्सा भी बुरी तरह से क्षितठास्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौलासर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मौलासर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक महिला व एक पुरुष को मृत घोषित कर दिया। जबकि 19 घायलों को डीडवाना, कुचामन और जयपुर रैफर किया गया है। हादसा किस कारण से हुआ? इसका अभी पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## भागवत से मिलने के लिए सीएम जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर**, (कासं) । राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से मिलने के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जोधपुर पहुंचे। संभव है कि संघ प्रमुख मोहन भागवत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ चर्चा कर सकते हैं। इससे पहले 3 सितंबर को संघ प्रमुख भागवत से मिलने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी जोधपुर पहुंची थीं। इन दोनों की करीब 20 मिनट तक मुलाकात हुई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दो दिन में जोधपुर की दूसरी यात्रा है। गुरुवार शाम को वे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे। यहां उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत किया था। करीब दो घंटे रुकने के बाद वे वापस जयपुर लौट गए थे। शुक्रवार को फिर से जोधपुर पहुंचकर सीधे आरएसएस प्रमुख से मुलाकात की।

## आत्महत्या की

**कोटा**, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में महिला ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार महिला का पति दोपहर के समय घर पर पहुंचा तो उसे घटना का पता लगा और वह महिला को नीचे उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उघोग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रेमनगर निवासी मोना (25) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया।

# 19 करोड़ 45 लाख रुपए रुपये की ठगी की

## आठ बैंक खातों में आई ये रकम; रोजाना 10 लाख 50 हजार की ठगी

अलवर। अलवर पुलिस के इतिहास में साइबर फ्रॉड का सबसे बड़ा मामला पकड़ में आया है। आरोपी के 8 बैंक खातों में 6 महीने में 19 करोड़ रुपए आ गए। यह रकम देश के कई राज्यों के लोगों की है जो साइबर फ्रॉड करने वालों के झांसे में आ गए।

आरोपियों ने लोगों के साथ अलग-अलग तरीके से फ्रॉड कर इतनी बड़ी रकम ऐंठ ली। पुलिस को देश के अलग-अलग राज्यों से 32 शिकायतें मिली थी। उनकी जांच में अलवर की वैशाली नगर थाना पुलिस को बरकत के बैंक खाते की जानकारी मिली। उसके बाद आरोपी बरकत को 3 सितंबर को अरेस्ट कर लिया। आरोपी बरकत रैणी थाने में तैनात कॉन्स्टेबल शौकत का भाई है। एसपी सुधीर चौधरी ने शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे साइबर फ्रॉड के इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि अलवर की वैशाली नगर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले एक ऐसे आरोपी को पकड़ा है, जिसके ठिकाने से 19 करोड़ 45 लाख रुपए के लेन-देन के डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। आरोपी के मकान से 17 चेकबुक,



ठगी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

5 पास बैंक बुक, 14 एटीएम कार्ड, कई लोगों के हस्ताक्षरशुदा चेक, आधारकार्ड, पैन कार्ड, दो स्वाइप मशीन, तीन बैंकों के क्यूआर कोड स्कैनर भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि जब बैंक खातों में आई रकम को जोड़ा गया तो 19 करोड़ 45 लाख रुपए हुए। एक ही व्यक्ति के पास से इतनी बड़ी रकम पहली बार मिली है। फिलहाल पुलिस गहनता से जांच में लगी है। आरोपी बरकत के भाई पुलिसकर्मी की भूमिका सामने नहीं आई है। जांच में खाता धारक

■ अलवर पुलिस के इतिहास में साइबर फ्रॉड का सबसे बड़ा मामला पकड़ में आया है। आरोपी के 8 बैंक खातों में 6 महीने में 19 करोड़ रुपए आ गए।

बरकत अली पुत्र मोहम्मद निवासी गोपालगढ़, डीग का अलग-अलग पते पर आधार कार्ड, पेन कार्ड और पासपोर्ट होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर वैशाली नगर स्थित पानी की टंकी के पास से उसे 3 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसने अलवर के सूर्यनगर में किराए पर रहना बताया है। पुलिस के अनुसार बरकत दो पत्नी रखता है। एक के बच्चे हैं। दूसरी के नहीं हैं। दोनों अलग-अलग रहती हैं। आरोपी बरकत कई साल से अलवर में रह रहा है। लेकिन पिछले करीब 6 महीने से फ्रॉड के काम लगा है।

## मामला दर्ज

**सादुलपुर**, (निसं)। विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने और रुपए हडपने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया है। शाम छह बजे मिली जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि आसिफ कायम खानी निवासी मोडावासी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि गांव बिरमी खालसा में उसके पिता सफी मोहम्मद की जगनाराम के साथ दोस्ती थी। घर पर आना-जाना और परिचित थे। तथा जगना राम के घर गांव का ही राहुल का भी आना-जाना था। जो युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। जिसके कारण राहुल से भी उनकी जान पहचान हो गई। जिसने उनको रसिया भेजने,अच्छा वेतन दिलवाने और रहने आदि की सुविधा देने की बात कही। जिस पर खर्च के बारे में पूछा तो राहुल ने बताया कि एक व्यक्ति के०3 लाख 20 हजार रुपये लगेंगे। तथा काम दिलवाने की गारंटी ओर 80-90 हजार रूपये वेतन, बिजनेश का वीजा दिलवाने, 15 दिनों में आई डी दिलवाने का आश्वासन दिया। अग्रिम 01-01 लाख रुपए देने की बात की। इस मौके पर गांव के ही इशाक अली, मकसूद खां, शाहरुख खान ने भी विदेश भेजने के लिए राहुल को कहा, जिसके बाद 20 मई 2025 को राहुल उनके गांव आया तो सभी ने मिलकर कुल 3 लाख 50० हजार रुपए नरेश नामक व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन ट्रान्सफर कर दिए।

## सार-समाचार

### अवैध लकड़ी के परिवहन पर वन विभाग की कार्यवाही



**पावटा**। सहायक वन संरक्षक कोटपूतली द्वारा अवैध लकड़ी के परिवहन पर कार्यवाही की गई हैं। सहायक वन संरक्षक ने जानकारी देते हुये बताया कि गत 22 अगस्त को दोपहर बाद दूरभाष पर बागावास चौरासी के ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से लकड़ी के परिवहन की सूचना दी गई। जिस पर मौके पर एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली गीली लकड़ियों से भरी हुई पाई गई। उक्त चारागाह भूमि जो कि तहसीलदार विराटनगर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आती हैं को तहसीलदार विराटनगर को सुपुर्दगी के लिए लिखा गया हैं।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**सादुलपुर**, (निसं)। पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बोलेरो को जप्त किया है। शक्रवार शाम साढे पांच बजे दी जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि हरियाणा निर्मित अवैध शराब के साथ गांव पहाडसर के निवासी मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश जाट तथा बुद्धराम पुत्र ईश्वर प्रजापत को गिरफ्तार किया है। सिहाग ने बताया कि एएसआई रामनिवास मय पुलिस दल के जब गश्त पर थे, उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि झुंपा (हरियाणा) से बोलेरो गाडी में अवैध शराब भरकर पहाडसर लाई जाएगी। यह सूचना मिलने पर पुलिस दल ने नाकाबंदी की तो पहाडसर इन्दासर गांव के बीच में बोलेरो गाडी आते हुई दिखाई दी। जिस पर पुलिस ने बोलेरो जीप चालक को जीप रोकने का संकेत दिया तथा पूछताछ की तो वह घबरा गया और संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने बोलेरो में शराब भरी हुई पाई जाने पर आरोपी मुकेश कुमार तथा पास में बैठे युवक बुद्धराम को गिरफ्तार कर लिया। बोलेरो जीप से सीटों के नीचे छुपाए हुए15 कार्टन हरियाणा निर्मित देसी शराब बरामद हुई। जिसमें पांच कार्टून में 6० बोतल माल्टा मस्ती शराब मिली जबकि बाकी कार्टूनों में देसी शराब के पव्वे निकले। यह पूरी शराब जो हरियाणा निर्मित थी। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों के पास ना तो शराब परिवहन का कोई परमिट मिला और ना ही किसी प्रकार का अन्य कोई लाइसेंस मिला। इस स्थिति में पुलिस ने गाडी और शराब को जब्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है। उक्त कार्यवाही में राजगढ थाना पुलिस टीम में रामनिवास सहायक उपनिरीक्षक, संदीप कुमार कास्टेबल, जितेन्द्र सिंह कास्टेबल व संदीप कुमार कास्टेबल 12०4 शामिल रहे। उक्त कार्यवाही में संदीप कुमार कास्टेबल 1222 की विशेष भूमिका रही।

### इनामी आरोपी गिरफ्तार

**कोटा**, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने मकान में चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी पर 5 हजार का ईनाम घोषित किया था। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि 13 जून 2024 को फरियादी सतेन्द्र जैसवाल ने रेलवे कॉलोनी थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा था कि कोटा से बाहर गये हुए थे 12 जून 2024 को अज्ञात व्यक्ति घर में रखे सोने आभूषण चोरी करके ले गये। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए पूर्व में सात आरोपी सुनील पांचाल, विजय सक्सैना, जाहिद बैग, यतीश उर्फ योगेश पांचाल, रहनुमा बानो, योगेश एवं शैलेष सोनी को गिरफ्तार किया जा चूका था। मामले में 15 महिने से फरार चल रहे आरोपी आकाश बैरवा उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया गया। उच्च अधिकारियों द्वारा आरोपी को टॉप 10 वांछित अपराधियों में शामिल किया गया एवं आरोपी पर 5 हजार के ईनाम घोषित किया गया था।

### युवक ने सुसाइड किया

**कोटा**, (निसं)। नयापुरा थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। नयापुरा थाने के एसआई नन्द सिंह ने बताया कि मृतक युवक बृजमोहन नैनवां हाल कोटा में नयापुरा में किराये से अकेला रहता था। जिसने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे की कुंडी तोडकर शव को नीचे उतारा गया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### सडक हादसे में दम्पति की मौत

**टोंक**। सदर थाना क्षैत्र स्थित जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे 52 पर रोडवेज बस ने मोटरसाईकिल सवार पति-पत्नी को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वही उनकी 2 साल की बेटी बाल-बाल बच गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जो एक मोटरसाईकिल पर चार सवार थे। जयपुर से पिकनिक मनाने जा रहे एक दम्पति और उनकी बच्ची व एक अन्य व्यक्ति जो मोटरसाईकिल से शहर से 5 कि.मी. दूर हाईवे 52 पर शुक्रवार सुबह बनास नदी के पुल पर रोडवेज बस ने उन्हे टक्कर मारने के बाद बस 20 फीट दूर जाकर रुकी तभी पीछे से आ रहा केंटर बस से टकरा गया। घटना में केंटर का चालक भी घायल हो गया, मौके से बस का चालक फरार हो गया।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर** । विवाहिता का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी पिंटाराम निवासी रिछवाड़ा सायरा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 मई को आरोपी मुझे बहला फुसला कर भगा ले गया। जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। कुछ समय बाद मुझे वापस छोड़ दिया। इस मामले मं पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से अतिवृष्टि प्रभावितों तक पहुंच रही मदद

## प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकारअतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में तत्परता के साथ हरसंभव राहत प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथनागरिक सुरक्षा से लेकर चिकित्सा सेवाएं, खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहित आवश्यक सेवाओं के सुचारू संचालन पर भी विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। आम जनता की सुरक्षा के लिए सरकार ने कई एहतियाती कदम उठाए हैं। दुर्घटना संभावित स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाए जा रहे हैं और नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 1070 और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 1077 लगातार सक्रिय हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे मौसम विभाग और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें, बहते हुए पानी और जलाशयों के निकट न जाएं और किसी भी आपात स्थिति में नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करें। प्रशासन की टीमें सजग और तत्पर हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### अब तक 1155 व्यक्तियों का सकुशल रेस्क्यू किया

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें दिन-रात सक्रिय रहकर प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं। मानसून के दौरानएनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों ने अब तक 1155 व्यक्तियों को सकुशल रेस्क्यू किया है। वर्तमान में पूरे राज्य में एसडीआरएफ की 62 टीमें, एनडीआरएफ की 7 टीमें और सिविल डिफेंस की टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। वायुसेना के हेलिकॉप्टर से जलमग्न क्षेत्रों से लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित आश्रय तक पहुंचाया भी जा रहा है। राहत शिविरों में भोजन, स्वच्छ जल और दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

- **राज्य में एसडीआरएफ की 62, एनडीआरएफ की 7 और सिविल डिफेंस की विभिन्न टीमें सक्रिय**

### फसल खराबे का आंकलन और गिरदावरी रिपोर्ट

प्रदेश में खरीफ 2025 में अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान के आकलन के लिए 1 अगस्त, 2025 से गिरदावरी का कार्य प्रारम्भ किया गया। गिरदावरी के कार्य उपरांतजिन जिलों में 33 प्रतिशत या इससे अधिक फसल खराब हुई है, वहां प्रभावित किसानों को केन्द्र सरकार के एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार कृषि आदान-अनुदान सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### विद्यालयों और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता

जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों और आंगनबाड़ी भवनों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्षाजनित परिस्थितियों के चलते घोषित अवकाश के दौरान भवनों का निरीक्षण, जल निकासी और आवश्यक मरम्मत का कार्य तुरंत पूरा करवाया जा रहा है, ताकि बच्चों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जा सके।

राज्य सरकार द्वारा क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिसंपत्तियों की मरम्मत हेतु एसडीआरएफ नॉर्म्स के अंतर्गत विभिन्न जिलों से मरम्मत कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क, पुल, विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य संस्थानों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के कार्य शामिल हैं। प्रदेश के 12 जिलों में अब तक 180.67 करोड़ रुपए के 8,867 कार्य स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें 4,183 विद्यालय भवनों के लिए 83.66 करोड़ रुपए, 930 आंगनबाड़ी भवनों के लिए 21.89 करोड़ रुपए, 165 पंचायत भवनों के लिए 3.57 करोड़ रुपए, 106 चिकित्सालय भवनों के लिए 2.08 करोड़ रुपए, 170 लघु सिंचाई योजनाओं के लिए 3.94 करोड़ रुपए, 3,128 सड़कों के लिए 64.34 करोड़ रुपए और 184 पुलियों के लिए 1.14 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

इसी तरह, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सभी जिलों को बचाव उपकरणोंके लिए 19.45 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। सभी संभागीय मुख्यालय वाले जिलों को 20-20 लाख रुपए तथा अन्य जिलों को 10-10 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। साथ ही, अतिवृष्टि के दौरान जिलों की मांग के अनुसार अतिरिक्त आवंटन किए जा रहे हैं।

### इस बार सामान्य से 62.50 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज

राज्य में दक्षिण-पश्चिमी मानसून में अब तक वास्तविक वर्षा 608.65 मिमी रही, जो सामान्य से 62.50 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में प्रदेश के 22 जिलों में वर्षा असामान्य श्रेणी में दर्ज की गई, जिनमें अजमेर, बूंदी, कोटा, टोंक, नागौर, सवाई माधोपुर, सीकर, धौलपुर, श्रीगंगानगर, जयपुर, जोधपुर और करौली जैसे जिले प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# बांसवाड़ा आ सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

## परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास भी संभव!

**जयपुर** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है और इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हर वर्ष की तरह इस बार भी "सेवा पखवाड़ा" के रूप में जनसेवा कार्यों का आयोजन करेगी। इस बार खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं भी सेवा पखवाड़ा में शामिल हो सकते हैं। प्रदेश भाजपा ने इसके लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मांगा है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी 20 सितंबर को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में आ सकते हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि पार्टी ने प्रधानमंत्री कार्यालय से 20 सितंबर का समय मांगा है। हालांकि, अभी तक पीएमओ से कोई अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। राठौड़ ने कहा, अगर प्रधानमंत्री बांसवाड़ा आते हैं तो इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा और क्षेत्र को भी बड़ी सौगात मिलेगी।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी बांसवाड़ा के मापला (या नापला) गांव के पास स्थित माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास कर सकते हैं। यह परियोजना अणुशक्ति विद्युत निगम (अश्विनी) द्वारा विकसित की जा रही है, जो राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम और भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम का संयुक्त उपक्रम है। इस परियोजना के तहत कुल 2800 मेगावाट की क्षमता के चार परमाणु रिएक्टर स्थापित किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 700 मेगावाट होगी। परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड से साइट की स्वीकृति मिल चुकी है और वर्तमान में परियोजना-पूर्व गतिविधियां जारी हैं। सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश भर में स्वच्छता अभियान, प्रेरणादायक महापुरुषों की स्मारकों की सफाई, रक्तदान शिविर, नशा मुक्ति अभियान, मेडिकल कैंप और दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण जैसे विविध सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राठौड़ ने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन के सेवा मूल्यों को समर्पित होगा और इसे पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

- **बताया जा रहा है कि भाजपा ने प्रधानमंत्री कार्यालय से 20 सितंबर का समय मांगा है। हालांकि, अभी तक पी.एम.ओ. से कोई अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।**

# 'सनातन परंपरा और संस्कृति को पीढ़ी-दर-पीढ़ी बढ़ा रहे संस्कृत शिक्षक'

**जयपुर**। जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बगरू विधायक डॉ. कैलाश चंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे विद्यार्थियों के चरित्र, चिंतन और जीवन मूल्यों की नींव रखते हैं। उनमें भी संस्कृत भाषा के शिक्षक सनातन परंपरा और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने में जिस प्रकार योगदान दे रहे हैं, वह किसी भी राष्ट्रिनर्माता से कम नहीं है। उन्होंने शिक्षकों को समाज का वास्तविक निर्माता बताया।

इस अवसर पर प्रदेश के आठ उत्कृष्ट शिक्षकों को संस्कृत भाषा के संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र, शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें प्रो. महावीर प्रसाद सारस्वत (बीकानेर), प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी (लाडनूं), प्रो. योगेंद्र दाधीच (जयपुर), डॉ. रामानंद कुलदीप (अजमेर), डॉ. दिवाकर मिश्र (संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर), डॉ. सुभाष चंद्र (केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर), डॉ. प्रकाश चंद मीना (कोटखावदा) और डॉ. पूनम गुप्ता (थानागाजी) शामिल रहे।

# भारतीय संस्कृति गौ-संस्कृति : बागड़े

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए गाय को केन्द्र में रखकर कार्य किए जाएं : राज्यपाल

**जयपुर** । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारतीय संस्कृति गो संस्कृति है। संस्कृति में गौ शब्द लग जाता है तो इसका अर्थ है-श्रद्धा के साथ अर्थव्यवस्था का जुड़ना। ऐसी अर्थव्यवस्था से ही सतत् और संतुलित विकास होता है। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए गाय को केन्द्र में रखकर उसके उत्पादों से जन-जन को जोड़े जाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि गौ-धन संरक्षण के लिए गौशालाओं की स्थापना संग नंदी शालाएं भी स्थापित की जाए।

राज्यपाल शुक्रवार को विद्याधर नगर में देवरहा बाबा गो सेवा परिवार द्वारा वैश्विक संगोष्ठी, प्रदर्शनी के आलोक में आयोजित "गो-महाकुम्भ 2025" में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा में गाय की महता से जुड़े संदर्भ देते हुए कहा कि गौ-सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमारे वैदिक ग्रंथ, शास्त्र सभी गो को पूज्य कहते हैं। परन्तु जिसे पूजा जाता है वह हमारी अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है। यह गाय ही है जो हमें दूध के रूप में पोषण देती है। गाय का घी, पनीर, मावा आदि बहुत से उत्पादों से ही भारत की अर्थव्यवस्था सुदृढ है।

- **'गौशालाओं के साथ साथ नंदी शालाएं भी स्थापित की जाएं'**



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को विद्याधर नगर में आयोजित "गो-महाकुम्भ 2025" में शिरकत की।

राज्यपाल ने देवरहा बाबा की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि वह महान योगी, सिद्ध तो थे ही, गोसेवा को सर्वोपरि-धर्म मानते थे। वह कहते थे, 'जीवन को पवित्र बनाए बिना, ईमानदारी, सात्विकता-सरसता के बिना भगवान की कृपा प्राप्त नहीं होती। गौ सेवा इसका सबसे बड़ा माध्यम है।

राज्यपाल ने कहा कि महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्म कहते हैं कि गाय हमारी माता है और बैल हमारे पिता हैं। वेदों में सूर्य की एक किरण का नाम कपिला है। उन्होंने गोपाष्टमी पर्व मनाने, श्री कृष्ण का धेनु से नाता बताते हुए कहा कि गो ने भगवान का अभिषेक किया, उसी दिन से भगवान का एक नाम 'गोविंद' पड़ा। गाय विश्वरूपा है।

वह अखिल ब्रह्माण्ड का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए गाय संरक्षण के लिए सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। बागडे ने "गो-महाकुम्भ 2025" में गाय के उत्पादों की लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए गो उत्पादों के प्रभावी विपणन के लिए भी कार्य करने पर जोर दिया।

# नकबजन गिरोह का भंडाफोड, चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजन गिरोह के चार बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित चोरी की चार पानी की मोटर भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **आरोपियों के कब्जे से देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू जब्त**

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजन गिरोह के शातिर बदमाश विशाल मालावत,सोहन सिंह चौहान, श्याम टेलर और अजय सैनी को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी करधनी इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित चोरी की चार पानी की मोटर भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की उदयपुर जोन की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा

## बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर उदयपुर जोन की सड़क परियोजनाओं पर चर्चा की।

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को उदयपुर जोन की सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम को देखते हुए अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहें और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

दिया कुमारी ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों की डीएलपी (डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड) अवधि चल रही है, उनकी मरम्मत शीघ्रता से करवाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई संवेदक (ठेकेदार) कार्य में लापरवाही बरतता है या धीमी गति से काम कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करें और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे काम की गुणवत्ता और गति पर नजर रखी जा सके। उन्होंने 2024-25 के बजट में घोषित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने और आगामी बजट 2025-26 में प्रस्तावित कार्यों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर काम शुरू करने के निर्देश भी दिए। दिया कुमारी ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं को सुचारू बनाए रखने की है, ऐसे में सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# श्राद्ध पक्ष रविवार से, पितरों के लिए किए जाएंगे तर्पण

**जयपुर**। दिवंगत पितृों को श्रद्धा देने का पंद्रह दिवसीय श्राद्ध पक्ष रविवार से शुरू होगा। पहले दिन पूर्णिमा का श्राद्ध निकाला जाएगा। चंद्र ग्रहण का सूतक के कारण दोपहर बारह बजे से पूर्व ही पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध निकाला जाएगा।

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में श्राद्ध पक्ष के तीनों रविवारों को पितृ तृप्ति महायज्ञ होगा। श्रद्धालु अपने दिवंगत पितृगणों की स्मृति में हवन में आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। सभी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू हो रहे श्राद्ध पक्ष और चन्द्रग्रहण के उपलक्ष्य में गोविन्द देवजी मंदिर में सात सितंबर को सुबह आठ से दस बजे तक श्री मन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में निःशुल्क पितृ तृप्ति गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिन श्रद्धालुओं का श्राद्ध पूर्णिमा को है उनके पितृगणों के लिए विशेष आहुतियां दिलवाई जाएंगी। सभी सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि जिनका जन्मदिन या विवाह दिवस 7 सितम्बर को है, उनके लिए विशेष संस्कार हवन के साथ संपन्न कराया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को युग निर्माण सत्संकल्प पत्रक एवं गायत्री चालीसा भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी।

# जैनबंधु शनिवार को मनाएंगे अनन्त चतुर्दशी

**जयपुर** । दिगम्बर जैन धर्मावलंबी शनिवार को सबसे बड़ा पर्व अनन्त चतुर्दशी भक्ति भाव से मनाएंगे। इस मौके पर मंदिरों में दशलक्षण समापन कलश होंगे। साथ ही दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों के चल रहे दशलक्षण महापर्व में उत्तम ब्रह्मचर्य लक्षण आयोजित किया जाएगा। अभादि जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने इस बारे में जानकारी दी।

# खिलाड़ियों में से बनेंगे 167 कांस्टेबल

**जयपुर** । खेल जगत से जुड़े युवाओं के लिए राजस्थान पुलिस में सेवा का शानदार मौका आया है। पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर ने उत्कृष्ट खिलाडी कोटा के तहत कांस्टेबल के 167 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

यह भर्ती उन प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुलिस बल का हिस्सा बनने का अवसर देगी। जिन्होंने विभिन्न खेलों में अपनी छाप छोड़ी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 12 सितंबर से 01 अक्टूबर 2025 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आवेदन पत्र राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संचालित सभी ई-मित्र कियोस्क और जन सुविधा केंद्रो पर उपलब्ध होंगे।

# डोटासरा कभी उभरते नेता थे, अब भाषा-व्यवहार से लोकतंत्र को कमजोर कर रहे : मदन राठौड़

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की हालिया बयानबाजी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि डोटासरा कभी एक उभरते हुए और प्रतिभाशाली नेता माने जाते थे, लेकिन विपक्ष में रहते हुए उनकी भूमिका लगातार कमजोर होती गई है। उन्होंने कहा कि "एक अच्छा व्यक्ति बिगड़ गया है।"

राठौड़ ने आरोप लगाया कि डोटासरा ने हाल के समय में सदन और सार्वजनिक मंचों पर जिस तरह की भाषा और व्यवहार अपनाया है, वह लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि "मैं स्वयं विधानसभा में डोटासरा के साथ रहा हूं। पहले हम उन्हें एक परिपक्व और जिम्मेदार नेता मानते थे, लेकिन अब वे हल्के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और आसन के प्रति भी मर्यादाहीन व्यवहार कर रहे हैं।" उन्होंने यह भी कहा कि डोटासरा को बार-बार सदन में व्यवधान डालने की आदत है और उन्हें पूर्व में कैलाश मेघवाल के समय भी विधानसभा से निष्कासित किया जा चुका है। राठौड़ के अनुसार, सदन में अनुपस्थित रहकर विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का अपमान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि डोटासरा अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पारीक के खिलाफ जिस प्रकार की सार्वजनिक बयानबाजी कर रहे हैं, वह अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पारीक जैसे वरिष्ठ और संसदीय परंपराओं को समझने वाले नेता का सार्वजनिक अपमान अनुचित है और इससे कांग्रेस पार्टी के भीतर मतभेद और टूट की स्थिति बन रही है। राठौड़ ने इस मामले की तुलना पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के विवाद से करते हुए कहा कि जैसे गहलोत ने पायलट को 'नाकारा' और 'निक्कमा' कहा था, और उसके बाद वे दोनों मन से एक नहीं हो सके, वैसे ही डोटासरा के बयान भी पारीक के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने वाले हैं।

# अकीदत, शान और उत्साह के साथ मनाया ईद मिलादुन्नबी

## जयपुर शहर की गलियों, चौबारों को नूरानी झलकियों से सजाया

**जयपुर** (कासं)। पैगंबर-ए-इस्लाम की यौम-ए-पैदाइश के मौके पर जयपुर शहर में ईद मिलादुन्नबी को अकीदत, शान और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर की गलियों, चौबारों और घरों को रंग-बिरंगी रोशनी, झिलमिलाती सजावट और नूरानी झलकियों से सजाया गया, जिससे पूरे शहर में एक अलग ही रौनक देखने को मिली।

श्रद्धालुओं ने मरहबा की सदाओं और नात-ओ-कसीदों की गूंज में जुलूस-ए-मोहम्मदी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में गुंबद-ए-खिजरा वाले हरे झंडे लिए और पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में नात पढ़ते हुए लोग जयपुर की गलियों से गुजरे। जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल थे, और उनके चेहरे पर उत्साह और श्रद्धा झलक रही थी। जयपुर की प्रमुख मस्जिदों के पास विशेष स्वागत द्वार और सजावट की गई। विभिन्न कमेटियों ने ताजमहल की शबीह, मस्जिद के गुंबद की आकृति, तुर्की महल के तर्ज पर भव्य गेट और पहाड़-झरने जैसे मॉडल तैयार किए। ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह का मॉडल विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना। घर-घर में पकवानों की खुशबू और मिठाइयों का आनंद रहा। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दे रहे थे। शहरभर में लंगर और शर्बत के भी विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे सभी को ठंडक और खुशी मिली। रातभर चले जश्न-ए-चिरागा और दिनभर निकाले गए जुलूस-ए-मोहम्मदी ने जयपुर को भाईचारे, ईमान और मोहब्बत के रंगों से भर दिया। अकीदतमंदों की मुस्कान और रोशनी में झिलमिलाती सजावट ने इस पर्व को यादगार बना दिया। मुस्लिम समाज के जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस का जाब्ता तैनात रहा। इस अवसर पर लोगों ने नातिया कलाम पेश किया और जुलूस में भाग लेने वालों को पुरस्कृत किया गया।



बाराबफात पर मुस्लिम समुदाय की ओर से शहर में जुलूस निकाला गया।

# 150 वर्ष पुराने रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले ठाकुरजी

**जयपुर** । ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी चांदपोल बाजार जयपुर में भादवा तेरस शुक्रवार को श्री सियाराम जी की वार्षिक नगर परिक्रमा धूमधाम से निकाली गई। वार्षिक नगर परिक्रमा में सांगानेरी गेट हनुमान जी मंदिर में भरत मिलाप हुआ। अलौकिक साज-सज्जा के बाद रथ भरत और शत्रुघ्न को लेकर सांगानेरी गेट स्थित हनुमान जी मंदिर के लिए रवाना हुआ और शाम 7 बजे भगवान श्रीराम का भरत मिलाप का अद्भुत मिलाप हुआ ।

जिसके बाद भरज जी ने उनकी आरती उतारी और विनती कर उन्हे राजसी वेश धारण करवाए। भगवान श्री राम के राजशी वेश धारण करने के बाद शाही लवाजमें के साथ भक्तजन उन्हे अपने साथ मंदिर लेकर पहुंचे।शाही लवाजमें में शामिल शाही रथ में चांदी की कुर्सियां, सिंहासन, कटघरे, खंभे लगे हुए थे। रथ यात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया, छोटी चौपड़ होते हुए रात्रि 10 बजे मंदिर परिसर पहुंची।

मंदिर महंत नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस रथ का निर्माण जयपुर राज घराने के करीब 150 साल पहले कराया था। रथ की खास विशेषता है कि जैसे -जैसे ये पुराना होता जाएगा। वैसे-वैसे ही शीशम की लकड़ी से बना ये रथ और भी मजबूत होता जाएगा। इस रथ का पानी में भी कुछ नहीं बिगड़ता। पुरानी मान्यताओं के अनुसार इस रथ को साहू परिवार के सफेद बैल की जोड़ी ही खींचती है। यह परम्परा मंदिर स्थापना से ही चली आ रहीं है।



उस रथ पर श्री राम दरबार के सजीव स्वरूप बना कर ब्राह्मण बालकों को बैठाया गया। जिस रथ में श्री राम विराजते है वो रथ शुद्ध शीशम की लकड़ी से बना हुआ है और लकड़ी का जुड़ा, लोहे की कमानिया,जालियां इत्यादि बड़ी सुंदरता से बने हुए है। इस रथ को बैलों की जोड़ी खींचते है जो वर्षों से रामावतार साहू के घर से आते है। रथ को रखने के लिए मंदिर बड़ा रथ खाना बना हुआ है।

## सार-समाचार

### योगी को मिला राधाकृष्णन स्मृति सम्मान

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर नई दिल्ली स्थित संविधान क्लब ऑफ इंडिया, संसद मार्ग में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय सम्मान - 2025 का भव्य आयोजन हुआ। इसमें देशभर से आए शिक्षकों, शोधकर्ताओं, समाजसेवियों एवं शिक्षाविदों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, हिण्डौन के व्याख्याता (रसायन शास्त्र)सुरेश चन्द योगीको शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान तथा रसायन शास्त्र शिक्षण में नवीन प्रयोगों और सृजनात्मक पद्धितयों के लिएराष्ट्रीय सम्मानसे अलंकृत किया गया। उनके सम्मान से हिण्डौन क्षेत्र एवं राजस्थान का शिक्षा परिवार गौरवान्वित हुआ है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्षमोहन सिंह बिष्टने शिक्षकों को समाज की रीढ़ बताते हुए कहा कि वे राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। वहीं समापन सत्र के मुख्य अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारत सरकार के रेल बोर्ड के पूर्व अध्यक्षरमेश चन्द्र रत्नने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर शोध, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी दृष्टिकोण से जुड़ी होनी चाहिए। यह आयोजनसामाजिक सुधार तथा उच्च शिक्षा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट (उत्तर प्रदेश)एवंअंतरराष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संगठन (आईएआरडीओ)के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

### अग्रवाल महिला समाज की बैठक आयोजित

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। अग्रवाल महिला समाज हिण्डौन सिटी की बैठक नई मंडी धर्मशाला शिवालय में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ महाराजा अठासेन जी और कुलदेवी लक्ष्मी जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर समाज अध्यक्ष सतेन्द्र आर्य, महिला समाज अध्यक्ष गीता पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष माया गोयल द्वारा किया गया।महिला समाज अध्यक्ष गीता पार्षद एवं समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने जानकारी दी कि आगामी7 सितंबर, रविवार को दोपहर 3 से 6 बजे तकनई मंडी शिवालय में महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी परनिबंध प्रतियोगिता, क्विज़ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, माचिस प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताएंआयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अग्रसेन जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में महिला समाज महामंत्री पूजा सिंगल, अनीता मित्तल, पुष्पा अठावाल, बबीता आर्य, ऊषा आर्य, सुनीता गर्ग, आरती बिंदल सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

### शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी शैक्षिक प्रकोष्ठ की ओर से गुरुवार को प्रात: 10 बजे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा रहे। इस अवसर पर करौली जिले के सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक श्री निवास शर्मा एवं अमर सिंह मीना को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अभिमन्यु सिंह भदौरिया ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांठोस संगठन महामंत्री ललित तूनवाल, विधायक हाकम अली (फतेहपुर) एवं विधायक पितराम काला (पिलानी) उपस्थित रहे। शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री शीतल शुक्ला ने बताया कि इस अवसर पर कुल 121 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### स्काउट त्रिपुरा के लिए रवाना

**टोडाभीम,** (निसं)। शिक्षा के साथ-साथ स्काउटिंग गतिविधियों में भी अव्वल रहने वालेस्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल टोडाभीमके चार स्काउट राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर द्वारा चयनित राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउटरवि कुमार जांगिड, शिवा सिंह, सुमुख कुमार मीना एवं रुद्र प्रताप सिंह सैनीसहायक जिला कमिश्नर एवं प्राचार्यभय सिंह मीनाके नेतृत्व में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला रवाना हुए। यह दल 9 से 13 सितंबर 2025तक भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजितनेशनल इंटीग्रेशन शिविरमें भाग लेगा। प्राचार्य भय सिंह मीना ने बताया कि इस शिविर में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से स्काउट व गाइड दल भागीदारी करेंगे।

### इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तैयार होगा प्रसाद

**करौली,** (निसं)। शहर की नई सब्जी मंडी स्थित मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजशाला में सदस्यों एवं भामाशाहों के सहयोग से चपाती बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक मशीन खरीदी गई है जिससे अब लोगों को साफ सफाई के साथ रोटी बनाकर प्रसाद के रूप में खिलाई जाएगी। रोटी बनाने की मशीन आने के बाद समय की बचत होगी और भोजन प्रसादी पाने वाले व्यक्तियों को भी अधिक समय का इंतजार नहीं करना पडेगा समिति के अध्यक्ष बाला साहब ने बताया कि श्याम की प्रसादी के समय मशीन का पूजन कर शुभारंभ कर दिया इस अवसर पर समिति से जुडे संरक्षक डॉ प्रकाश व्यास, डॉ प्रीतम गुप्ता, भैरू सिंह जादौन, टीकाराम मीणा गैस वाले, वेद प्रताप सिंह उर्फ लाला जी, समाजसेवी बबलू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अतिवृष्टि से निपटने में जिला प्रशासन फेल : दिनेश सूपा

**भरतपुर,** (निसं)। जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से आम लोगों का जनजीवन ठप्प हो जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से तुरंत पानी निकासी के उचित प्रावधान एवं राहत कार्य शुरू करवाने की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि विगत कई दिनों से भरतपुर मुख्यालय सहित समस्त तहसील स्तरों पर भी अतिवृष्टि होने की वजह से तथा आसपास के बांधों से पानी आने की वजह से किसानो की लगातार दो फसले खराब हो चुकी हैं, आवागमन के रास्ते अवरुध हो चुके हैं। कई जगह लोगों के रहने के मकान भी गिर चुके हैं, पशुधन की भी हानि हो रही है। यह अत्यंत चिंतनीय है। भरतपुर मुख्यालय पर विशेषकर सर्कुलर रोड के बाहर बसी हुई सारी कॉलोनिया जलमग्न है, लोगों के घरों में पानी घुस रहा है, कीड़े मकोड़ों का आतंक बढ़ रहा है।

भारी बारिश की वजह से जिले की सड़के भी बदहाल हो चुकी हैं, गांव से शहर के रास्ते भी अवरूद्ध हो चुके हैं। जिले की लगभग अर्थव्यवस्था भी चौपट हो चुकी है। इस समय जिले में बिजली एवं खाद की भी किल्लत बनी हुई है, जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। जिलाध्यक्ष सूपा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने भी उक्त मामले में चिंता व्यक्त करते हुए एक मत से कहा कि भरतपुर में सौंदर्यीकरण के नाम पर जिला प्रशासन द्वारा फ्लाईओवर एवं एलिवेटेड रोड बनाए जाने के नाम पर लोगों को बेघर एवं बेरोजगार करने से पहले भरतपुर शहर की सबसे बड़ी एवं पुरानी तथा स्थाई समस्या पानी के निकास की है,जिस ओर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने कहा कि अगर जिले से पानी निकास ड्रेनेज प्रॉब्लम का स्थाई समाधान हो जाता है तो सौंदर्यीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा। जिले के समस्त कांठोसियों ने जिला कलेक्टर से उक्त समस्या पर तुरंत ध्यान देने की मांग की है।

मांग करने वालों में साहब सिंह चौधरी, चुन्नी कप्तान, राजीव कुम्हेर, जगदीश बंजी, भगवान कटारा, रामेश्वर सैनी, मनोज शर्मा, योगेश सिंघल, रमेश धावई, राकेश पठानिया,विष्णु गुप्ता, भरत गादोली,बबीता शर्मा, अतुल मित्तल,रेनू गौरावर, मनोज पटेल, हरिमोहन शर्मा, रमेश पाठक, ज्ञानेश शर्मा, निरंजन जघीना, हरस्वरूप सरपंच, दयाचंद पचौरी, मुकेश जाटव, अशोक तांबी, दिगंबर खटाना, शहीद खान, अवधेश शर्मा, लोकपाल सिंह, केके उपाध्याय, बृजभूषण जाटव, सुगड खैरा, भवानी खोह सहित काफी लोग शामिल थे।

## ट्रक पलटा

**बयाना/भरतपुर,** (निसं)। रुदावल रुदावल थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाँव नदीगाँव में शुक्रवार को गंभीर नदी की सपाट पर एक ट्रक पलट गया। घटना के समय नदी की सपाट पर पानी का तेज बहाव चल रहा था, जिससे सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। इसके बावजूद, कई वाहन चालक जान जोखिम में डालकर उस मार्ग से गुजरने का प्रयास कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक भी उसी बहाव में फंस गया और अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ठामीणों की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई। खेरिया मोड़ पुलिस चौकी के एएसआई घनश्याम पोशवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बाद में ट्रक को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी बारिश और नदी में जलभराव की स्थिति को देखते हुए इस मार्ग पर उचित चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

# जाट समाज के पोस्टर का विमोचन, पीले चावल बांटे

■ घाटरी में जाट सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान कल

**भरतपुर,** (निसं)। बेहतरीन जाट समाज वैर- भुसावर के पदाधिकारी व समाज के गणमान्य व्यक्तियो ने उपखण्ड वैर क्षेत्र के कई गांव का दौरा कर गांव घाटरी में 7 सितम्बर को हो रहे जाट समाज सम्मेलन, मेधावी छात्र-छात्राएं एवं जाट समाज की प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेने की अपील कर पीले चावल बांटे साथ ही पोस्टर का विमोचन किया।

कार्यक्रम में समाज के सर्वदलीय राजनैतिक, उद्योग घराना,सामाजिक हस्तियां भाग लेंगी। बेहतरीन जाट समाज के अध्यक्ष कप्तान सिंह चौधरी ने बताया कि बेहतरीन जाट समाज के द्वारा उपखण्ड स्तरीय जाट सम्मेलन तथा समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं व अन्य प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 7 सितम्बर को गांव घाटरी में होगा। जिसमें राजस्थान,उत्तरप्रदेश,हरियाणा,दिल्ली,मध्यप्रदेश आदि राज्यों से समाज के सर्व दलीय राजनैतिक, उद्योग घराना, सामाजिक, फिल्मी व्यापारिक हस्तियां भाग लेंगी एव वैर-भुसावर उपखण्ड क्षेत्र के वर्ष 2025 परीक्षा माध्य शिक्षा बोर्ड राजस्थान व सीबीएसई बोर्ड की कक्षा-10वीं , कक्ष 12वीं में 85 प्रतिशत के अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं और सरकारी-गैर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले अधिकारी-कर्मचारी, भामाशाह, समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिक, समाजसेवी सम्मानित होंगे। उन्होने बताया कि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की तैयारियां जारी है।गांव-गांव जाकर समाज के व्यक्तियों को पीले चावल बांटे जा रहे है और छात्र-छात्राओं की अंक तालिकाएं एकत्रित की जा रही है। समाज की प्रतिभाओं की सूची तैयार की जा रही है। जिला परिषद सदस्य किशन सिंह पप्पू, बच्चू सिंह बदनपुरा, वैर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धीरसिंह, करतार सिंह नसवारा, पदमसिंह,तेज सिंह हिसामडा, ठाकुर भूपेंद्र सिंह,फूल सिंह पाली ठेकेदार, आदि ने गांव जीवद, बांसी, बेरी, मोरदा, हाथौडी, अजरौंदा, बझेरा आदि गांवों में समाज के लोगों से संपर्क करते हुए पीले चावल और पोस्टर वितरित किए।

# बजरंग दल की प्रखण्ड स्तरीय बैठक का आयोजन

■ सेवर प्रखण्ड बजरंग दल जिला कार्यकारिणी घोषित विभिन्न दायित्व पर जिम्मेदारी सौंपी

**भरतपुर,** (निसं)। बजरंग दल की प्रखण्ड स्तरीय बैठक गंगा महारानी मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह सिनसिनवार ने की। जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक शुभम सैथरा, व जिला जिला मंत्री विनोद मडरपुर सह जिला संयोजक केशव सिंह उपस्थित रहे।

जिला मंत्री विनोद मडरपुर ने इस कार्यकारिणी में प्रखण्ड के विभिन्न खण्डों एवं क्षेत्रों से सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ दी गई हैं। बैठक में नवीन कार्यकारिणी घोषणा करते हुए प्रखण्ड मंत्री ताराचन्द आजाद ने बताया की सेवर प्रखण्ड में बजरंगदल प्रखण्ड संयोजक गजेन्द्र पांचाल, सह प्रखण्ड बजरंगदल संयोजक भूपेन्द्र राणा सेवर, प्रखण्ड बलोपासना प्रमुख पवन सिंगीवाल, प्रखण्ड मिलन प्रमुख भूरा सोगरवाल प्रखण्ड सुरक्षा प्रमुख महेश सोगरवाल, प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख अजय बघेल, सह प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख अजय डांगी, प्रखण्ड विद्यार्थी कार्य प्रमुख शुभम खरे, वही बैठक के पश्चात नव घोषित कार्यकारिणी में यह निर्णय लिया गया कि समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए युवा पीढ़ी को संगठित कर सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से जुडे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिला सहसंयोजक केशव सिंह ने कहा कि गौ रक्षा, घर-घर राम मंदिर संपर्क अभियान, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। वही पर जिला संयोजक शुभम सैथरा ने कहा कि नव घोषित कार्यकारिणी में यह निर्णय लिया गया कि समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए युवा पीढ़ी को संगठित कर सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति से जुडे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बजरंग दल राष्ट्र रक्षा और समाज सेवा की प्रेरणा देने वाला संगठन है। नवगठित कार्यकारिणी जिले में युवाओं को जोडकर सेवा, संस्कार और सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करेगा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेमसिंह सिनसिनवार ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे मन और धन से संगठन के प्रति कार्य करने का संकल्प लिया। बजरंगदल प्रखंड की नई कार्यकारिणी जल्द ही सेवर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकारणीयां गठित की जाएगी।

# पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दबोचा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से दो अवैध पिस्टल बरामद की है।

वजीरपुर थाना पुलिस ने गांव हरीपुर, मैडी से करौली जिले के कटारा अजीज निवासी रविंद्र सिंह (31) को पकडा है। थानाधिकारी टीनू सोगरवाल के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल रविन्द्र कुमार और टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस आरोपी से पिस्टल के स्त्रोत और उसके इरादों की जानकारी जुटा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल के निर्देश पर की गई। इसमें वजीरपुर थाने के कॉन्स्टेबल तेजवीर, मानवेंद्र, राहुल, वीरेंद्र सिंह, रणधीर सिंह और महावीर सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्रवाई भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा के सुपरविजन में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# ब्राह्मण समाज चौबीसा अध्यक्ष का चुनाव कल

**सूरौठ,** (निसं)। ब्राह्मण समाज चौबीसा क्षेत्र तहसील सूरौठ के अध्यक्ष का निर्वाचन रविवार 11 बजे चिनायटा गांव स्थित चामड माता के मंदिर में किया जाएगा। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा ने बताया कि 13.8.2025 की बैठक में लिये गए निर्णय के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया में समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## लोकार्पण आज

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शिप्रा पथ, मानसरोवर (जयपुर) स्थित नव-निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च सेंटर का भव्य लोकार्पण आज 6 सितंबर को दोपहर 3 बजे नीरजा मोदी स्कूल ग्राउंड में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों द्वारा होगा। जोन 1-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमन्त शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर देश-प्रदेश से हजारों की संख्या में विप्रबंधु, विशिष्टजन एवं वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। राजस्थान सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित यह आधुनिक छह मंजिला भवन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहेगा। इसमें वैदिक अनुसंधान केंद्र, कन्या छात्रावास, प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण व कोचिंग कक्षाएं, कौशल विकास केंद्र, ई-लाइब्रेरी, अतिथि गृह, सभागार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक ओमेंद्र भारद्वाज चेयरमैन, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा कार्यकारी चेयरमैन एवं सतीश चंद्र शर्मा सदस्य सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे।

विगत 16 वर्षो से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं समाज उत्थान के लिए सक्रिय विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा की महत्वाकांक्षी योजना अब साकार रूप ले चुकी है। शिक्षा पथ, जयपुर पर स्थापित यह सेंटर समाज को नई दिशा देगा। लोकार्पण के साथ ही ज्ञानपीठ में विविध शैक्षिक, शोध एवं सामाजिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी।

# गणेश विसर्जन शोभायात्रा आज, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

■ चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर, ड्रोन से की जायेगी निगरानी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। श्रीगणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित 25वें गणेश महोत्सव का समापन 6 सितंबर को होगा। महोत्सव 27 अगस्त से पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में चल रहा है। दिल्ली से आए कलाकार रोजाना मनमोहक झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। शहर में विभिन्न जगहो पर चल रहे दस दिवसीय गणेश महोत्सव का अनन्त चर्तुदर्शी पर भगवान गणेश की विशाल विसर्जन शोभायात्रा के साथ समापन हो जायेगा।

इसके लिए पुलिस प्रशासन, गणेश महोत्सव समिति कार्यकर्ताओ एवं शहरवासियो ने विशेष व्यवस्था कर रखी है। 25वीं विसर्जन शोभायात्रा में हलिकॉप्टर से सभापति शिवरतन अग्रवाल के द्वारा पुष्प वर्षा की जायेगी। झांकिया आकर्षण का विशेष केन्द्र रहेगी। आगे आगे देश भक्तो की घुडसवार झांकिया होगी। उसके बाद धार्मिक झांकिया होगीं। विसर्जन शोभायात्रा पुरानी अनाज मण्डी से सीताराम जी मंदिर की परिक्रमा लगाते हुए अपने पूर्व निर्धारित मार्ग व्यापार मण्डल, देवी स्टोर, चोपड, कैलाश टाकीज, ट्रक यूनियन, घासमण्डी, बद्रीनाथ बाजार होते हुए पुन: देवी स्टोर, महेश टाकीज, सोनी चौराहा, मालगोदाम रोड, कचहरी सर्किल, फब्बारा चौक, उदेई मौड, सालोदा होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए प्रस्थान करेगी। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि एक हजार पुलिसकर्मी गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तैनात किए जायेंगे। वहीं यात्रा मार्ग में करीब 15० घरो की छतो पर पुलिसकर्मियो को निगरानी के लिए खडा किया जायेगा। वहीं सम्पूर्ण यात्रा मार्ग का ड्रोन से निगरानी की जायेगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की निगरानी रहेगी। इसके लिए एरिया वाइज अधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई है। प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर कानाराम द्वारा 1० ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। शोभायात्रा में गंगापुर सिटी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट समग्र प्रभारी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करेंगे।

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वो व गडबडी करने वालो पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिस वाले तैनात किए गए है। वहीं एक दर्जन विडियो ग्राफर अलग अलग स्थानो पर वीडियो ग्राफी करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गणेश विसर्जन शोभायात्रा शांति पूर्वक संपन्न हो इसके लिए प्रशासन व पुलिस के द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए है। बैठक में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एएसपी, एडीएम, एसडीएम, डीवाईएसपी, थानाधिकारी व गणेश महोत्सव समिति पदाधिकारी आदि मोजूद थे। प्रशासन ने गणेश विसर्जन शोभायात्रा को सफलता पूर्वक निकालने व किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं होने के लिए कमर कस ली है। प्रशासन ने पूर्व नियोजित तरीके से यात्रा मार्ग के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील रास्तो पर बैरिकेटिंग की है जिससे असामाजिक तत्व यात्रा में विघ्न नहीं डाल सके। कैलाश टाकीज, फब्बारा चौक पर तीन लयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बैरिकेटिंग पर पुलिस का जाप्ता लगाया गया है।

25 वें गणेश विसर्जन शोभायात्रा में पंजाव के अखाडेवाजो का अखाडा, दिल्ली का ढोल व सजीव झांकिया मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वहीं सभापति के द्वारा हवाईजहाज से पुष्पवर्षा की जायेगी। गणेश विसर्जन शोभायात्रा को लेकर शहर के लोगो में भी विशेष उत्साह है। यात्रा मार्ग के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाका सहित यात्रा मार्ग में पडने वाली सभी छोटी बडी गलियो के मुख्य रास्तो पर बैरिकेंटिंग कर दी गई है। नगर परिषद आयुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शहरवासियो से गणेश विसर्जन शोभायात्रा मार्ग से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमो को हटाने की अपील की है। उन्होने बताया कि प्रस्तावित यात्रा मार्ग पुरानी अनाज मण्डी से देवी स्टोर, चौपड, बालाजी चौक, कैलाश टाकिज, ट्रक यूनियन, घास मण्डी, पटवा बाजार, पुरानी नगरपालिका, महेश टाकिज के सामने होते हुये मालगोदाम रोड, कचहरी रोड, फव्वारा चौक होते हुए उदेई मोड, सालौदा मोड से निकाला जाना प्रस्तावित है। अत: आप उक्त प्रस्तावित यात्रामार्ग में आने वाले अतिक्रमण यथा-तख्ते, तिरपाल, भट्टी, टीनशेड, पत्थर, मलवा, मेटेरियल, केबल वायरिंग व अन्य अवरोधकों को अपने स्तर से हटा लेवे साथ ही यात्रा मार्ग में आने वाले पुराने भवन/जीर्ण-शीर्ण भवनों/मकानों, छतों, छज्जों को दुरूस्त कर लेवे एवं पुराने भवन/जीर्ण- शीर्ण भवनों के रहवासियों यह सख्त चेतावनी दी जाती है कि यात्रा के दौरान अपने भवन की छत, मुडेर, छज्जे इत्यादि पर शोभायात्रा देखने के लिये खडे नहीं हों।

गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मण्डी में चल रहे गणेश महोत्सव में शुक्रवार को बाबा गणपति की 31सौ दीपको से महाआरती की गई। इस दौरान गणपति के जयकारो से आसमान गुंजयमान हो गया। लोगो ने विसर्जन यात्रा से एक दिन पूर्व गणपति से अपने परिवार की सुख समृद्धि व उन्नति की कामना की। इसके बाद अखाडेवाजो ने एक से बढ कर एक करतब दिखा कर सभी दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में हजारो की संख्या महिला पुरूष मोजूद थे जिन्हें नियंत्रण करने पर पुलिस व कार्यकर्ताओ को भारी मशक्त करनी पडी।

## शिक्षक दिवस मनाया

**करौली,** (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक प्रेमसिंह माली ने बताया कि विद्यालय परिवार ने भारत के द्वितीय राष्ट्रपति रहे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया।

शिक्षक दिवस को यादगार बनाने के लिए इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गयाजिसमें चित्रकला प्रतियोगिता के तहत कक्षा 6 से 8 वर्ग में नेहा कुशवाह प्रथम और मानवी द्वितीय रहे। वहीं कक्षा 9 से 12 में यशोदा ने प्रथम, शिक्षा चौधरी ने द्वितीय तथा वंदना सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में नव्या मिश्रा प्रथम, जानवी कुशवाह द्वितीय और चंचल लोढ़ा तृतीय रहे। कक्षा 9 से 12 वर्ग में प्रिया चतुर्वेदीप्रथम, रितु शर्मा द्वितीय तथा दिलखुश मीणा तृतीय स्थान पर रहे। नाट्यय मंचन रोहित कुलदीप लोढ़ा लव कुश हितेश सोनवाल लव कुश प्रजापत चेतन सैनी का नाटक मंचन श्रेष्ठ रहा जबकि शिक्षण कार्य में कक्षा 9 से 12 के ठ्ठुप में दिव्या जोशी प्रथम चिंटू कुशवाह द्वितीय और तृतीय स्थान पर कविता मीणा रही इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का सम्मान किया तथा संस्था की ओर से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्थाप्रधान धर्म सिंह जेरिया, व्याख्याता राधामोहन सिंघल, माहिर खान आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मतदान पर बाजार बंद रखने की अपील

**करौली,** (निसं)। करौली अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य व मंदिर श्री गोविन्ददेवजी न्यास मंडल के चुनाव रविवार को अठावाल समाज सदन करौली में संपन्न कराए जाएंगे। जिसके लिए मतदान व मतगणना कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश चंद भगत ने बताया कि अग्रवाल समाज के 7 सितंबर रविवार को होने वाले चुनावों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनावों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक शिक्षा विभाग के एडीपीसी सर्वेश कुमार गुप्ता व डाइट प्राचार्य महेश बाबू गुप्ता के निर्देशन में अग्रवाल समाज सदन में मतदान व मतगणना अधिकारियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया की बारीकियों को विस्तार से अवगत कराया। चुनाव अधिकारी ने चुनावों की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए टेंट व्यवस्था, माईक व्यवस्था, रोशनी व अन्य व्यवस्थाओं के लिए समिति सदस्यों से विस्तार चर्चा की। इस मौके पर चुनाव अधिकारी विशम्भर दयाल बंसल एवं अरविन्द अठावाल, वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम सिंघल, रि. नर्सिंग अधीक्षक अखलेश गुप्ता, शुभम बंसल, रिद्धी चंद बंसल, चुनाव प्रवक्ता विमल बंसल सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।चुनाव अधिकारी भगत ने बताया कि करौली नगरपरिषद क्षेत्र के सभी अठा बन्धु समाज के होने वाले चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शिता से संपन्न कराने में चुनाव समिति को सहयोग करते हुए मतदान के दिन अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें एवं अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है।

### गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। उच्च माध्यमिक एवं चुन्नीलाल चावला माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पुरातन छात्रों द्वारा बनाये गए शिक्षा सारथी ट्रस्ट द्वारा गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर एएस भारती शर्मा रही। अपने उद्बोधन में उन्होने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गुरु को उनके दायित्व का बोध कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्य पूजा शर्मा के अनुसार शिक्षा सारथी ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमे अध्यापक सम्मान, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े बालकों हेतु शुल्क का सहयोग, एवं बालकों हेतु फल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है। ट्रस्ट के पदाधिकारी गार्गी अठावाल, प्रियदर्शिनी शर्मा, एवं कुलदीप सिंह द्वारा ट्रस्ट की कार्यपद्धित पर प्रकाश डाला गया। ट्रस्ट के संस्थापक गौरव शर्मा द्वारा छात्र छात्राओं को सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किया गया। आदर्श विद्या मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेंद्र भानु द्वारा आचार्यों एवं छात्रों के कत्तर्व्यों का बोध कराया गया। कार्यक्रम का संचालन उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर समिति के जिला सचिव संतोष कटारा, रणजीत नगर स्थानीय समिति के संरक्षक अजय अठावाल भट्टे वाले,अध्यक्ष शंकरलाल अठावाल, उपाध्यक्ष मुकेश अठावाल,सदस्य जितेन्द्र भारद्वाज, रवि जिंदल,परमानन्द शर्मा एवं विद्यालय के समस्त आचार्य एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### पाराशर को मिला शिक्षक सम्मान

**करौली,** (निसं)। करौली के निकट स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय हजारीपुरा में कार्यरत अध्यापक शान्तनु पाराशर को जयपुर में शिक्षक दिवस पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक शान्तनु पाराशर का चयन उनके द्वारा विद्यालय में लगातार किये गये शैक्षिक नवाचारों, श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन व ठामीण क्षेत्र में शिक्षा की प्रेरणादायक अलख जगाने के परिणामस्वरूप दिया जा रहा है आज शिक्षक शान्तनु पाराशर के विशेष प्रयासों से गाँव हजारीपुरा ही नहीं बल्कि नजदीकी क्षेत्र व जिले के विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली है जिससे एक प्रभावी शैक्षिणक वातावरण निर्माण हुआ है।वर्तमान में विवेक विहार कॉलोनी करौली के निवासी शिक्षक शान्तनु पाराशर मूलत: मासलपुर तहसील के गाँव गौलारा के निवासी हैं इनके पिताजी रामेश्वर दयाल शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हैं,माँ प्रेमलता शर्मा गृहणी हैं वहीं पत्नी दीपमाला शर्मा व्याख्याता हिन्दी पद पर स्वतंत्रता सेनानी चिरंजी लाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में कार्यरत हैं,इनके छोटे भाई अश्विनी पाराशर अध्यापक व उनकी पत्नी गरिमामणि शर्मा भी वरिष्ठ अध्यापक हैं।राज्यस्तरीय श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान में पूरे राजस्थान से 22 श्रेष्ठ शिक्षकों में शिक्षक शान्तनु पाराशर का चयन किया गया है वही राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग में पूरे राजस्थान से एक मात्र शान्तनु पाराशर का चयन हुआ है।शिक्षक शान्तनु पाराशर के चयन होने पर गाँव हजारीपुरा, उनके विद्यार्थियों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुये शिक्षक शान्तनु पाराशर को बधाई दी है।

### बिजली संकट से लोग परेशान

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। उपखंड की ग्राम पंचायत महूकलां में बिजली संकट से लोग परेशान हैं। पिछले तीन महीनों से गांव के 90 घरों में खराब ट्रांसफॉर्मर की वजह से लो वोल्टेज की समस्या है। गुर्जर मोहल्ला और राजपूत कॉलोनी से नयापुरा तक 300 मीटर बिजली लाइन क्षतिग्रस्त है। क्षेत्र के समाजसेवियों ने बताया कि 22 जून को लाइनमैन जीराज मीणा को समस्या की जानकारी दी गई थी। 25 जून को कनिष्ठ अभियंता शैफाली अवस्थी ने फैलियर रिपोर्ट सहायक अभियंता को भेजी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रात में अंधेरा रहता है। दिन में पंखे और अन्य उपकरण लो वोल्टेज की वजह से काम नहीं करते। इससे बच्चों की पढाई और बुजुर्गो व मरीजों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने कई बार सहायक अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। समाजसेवी आरसी गुर्जर ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया और क्षतिग्रस्त लाइन नहीं बदली गई तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है।

### खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**सूरौठ,** (निसं)। विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ में 69 वीं जिला स्तरीय छात्रा वर्ग माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुक्रवार को आयोजित हुए मुकाबले विद्यालय प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल मीणा व युधिष्ठिर चौधरी ने बताया की खेले गए हॉकी मुकाबले में विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ की टीम ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ को 1-0 से हराया ।। वहीं बास्केटबॉल मैच में भी खिलाड़ियों ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया शारीरिक शिक्षक योगेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी मैच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित होंगे। प्रतिदिन दो पारियों में आयोजित मैचों में निर्णायक की भूमिका ओमप्रकाश डागुर गोविंद सिंह मीणा, प्रशांत समाधिया, राजीव मीना, रज्जो धोबी, नरेश मीणा, राजेश मीणा, शमशाद शेख, ममता बेनीवाल, मोनिका यादव, रेखा, लक्ष्मी, रीता चितौसिया, कमलेश, भूपाल सिंह, मुकेश मीणा एवं पूनम रानी ने किया।पर्यवेक्षक रहीमुद्दीन खान प्रधानाचार्य रवीश शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर गेम की शुरुआत करवाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### मरीजों को घर बैठे मिल रहा इलाज

**करौली,** (निसं)। राजस्थान सरकार के निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग करौली ने एक सराहनीय पहल करते हुए 'होम-बेस्ड पेलेटिव केयर' कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन मरीजों को घर पर ही चिकित्सा सुविधा एवं देखभाल उपलब्ध कराना है, जो कैंसर, किडनी फेल्योर, लकवा और अन्य गंभीर या असाध्य बीमारियों से पीड़ित हैं और अस्पताल जाकर इलाज कराने में असमर्थ हैं। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि इस अनूठे कार्यक्रम के तहत, स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम मरीजों के घर- घर जाकर उनकी सेवा कर रही है। ये न केवल मरीज की शारीरिक समस्याओं का इलाज करती है, बल्कि उन्हें मानसिक और भावनात्मक सहारा भी देती है। खासकर गंभीर बीमारियों में होने वाले असहनीय दर्द को नियंत्रित करने के लिए दवाएं और उपाय बताए जाते हैं। वहीं ऑपरेशन के बाद या अन्य कारणों से हुए घावों की ड्रेसिंग और देखभाल की जाती है। मरीज की स्थिति के अनुसार सही आहार की जानकारी दी जाती है। मरीज और उनके परिवार को बीमारी से लड़ने के लिए मानसिक रूप से तैयार करना और भावनात्मक संबल प्रदान करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भी है। सीएमएचओ का कहना है कि इस पहल से उन मरीजों को बडी राहत मिलेगी,जिन्हें बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पडते हैं। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन गरीब और बुजुर्ग मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जिनके लिए अस्पताल तक पहुंचना मुश्किल है। विभाग ने अब सभी सीएचसी, पीएचसी एवं सब सेंटर से ऐसे मरीजों की संख्या मांगी है ताकि सभी को लाभान्वित किया जा सके।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में आए शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन के शिल्पकार और राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं और एक अच्छा शिक्षक हज़ार लाइब्रेरी के बराबर होता है।

# एक अच्छा शिक्षक हज़ार लायब्रेरी के बराबर होता है - मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

## शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा, यह दिवस शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता का दिन है क्योंकि शिक्षक जीवन के शिल्पकार व राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं

- **मुख्यमंत्री ने बताया कि शिक्षा विभाग में अब तक 20 हज़ार से ज्यादा नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा 18 हज़ार से अधिक पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं और 33217 को पदोन्नति दी गई हैं।**
- **मुख्यमंत्री ने बताया कि 4000 से ज्यादा स्कूलों में 8000 स्मार्ट क्लास रूम बनाए गए हैं और 88000 मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट दिए गए हैं।**

जयपुर, 5 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले गुरुओं के प्रति कृतज्ञता का दिन है। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन के शिल्पकार और राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं। एक अच्छा शिक्षक हजार लाइब्रेरी के बराबर होता है। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को जीवन के हर क्षेत्र में सर्वोपरि बताया।

मुख्यमंत्री ने समारोह में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षकों के कल्याण के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि अब तक शिक्षा विभाग में 20 हजार से अधिक नियुक्तियां की जा चुकी हैं और 18 हजार से अधिक पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। साथ ही, 33,217 कार्मिकों को पदोन्नति दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के 4,000 से अधिक विद्यालयों में 8,000 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। 88,800 मेधावी विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा सहित निःशुल्क टैबलेट वितरित किए गए हैं। ई-पाठशाला वॉट्सऐप चैनल के माध्यम से विषय विशेषज्ञों की ऑनलाइन कक्षाएं भी चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने डॉ. राधाकृष्णन और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, चरित्र निर्माण भी है।

कार्यक्रम की शुरुआत में पीपलोदी हादसे में दिवंगत बच्चों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने शिविरा पत्रिका (शिक्षक दिवस विशेषांक), शिक्षक सम्मान पुस्तिका और प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान (रीड टू लीड) का पोस्टर विमोचन किया। साथ ही, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की ऑन डिमांड परीक्षा नवाचार का शुभारंभ भी किया गया।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शिक्षा को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का आधार बताया।

स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान अब राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस अवसर पर शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक सीताराम जाट, मिड डे मील आयुक्त विश्वमोहन शर्मा सहित, बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।

# हम रूस से तेल खरीदना जारी रखेंगे, निर्मला सीतारमण ने दो टूक कहा

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, रूसी तेल हो या कुछ और हम अपनी जरूरत के अनुसार फैसला करेंगे

- **वित्तमंत्री ने कहा कि जी एस टी सुधारों से टैरिफ का असर कम करने में मदद मिलेगी।**

नई दिल्ली, 05 सितम्बर। भारत रूसी तेल खरीदना जारी रखेगा और इस बारे में निर्णय पूरी तरह से राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यह साफ किया।

एक साक्षात्कार में वित्त मंत्री ने कहा, "चाहे वह रूसी तेल हो या कुछ और, हम दरों, लॉजिस्टिक्स या अन्य किसी भी मामले में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेंगे। तेल एक बड़ी विदेशी मुद्रा से जुड़ी वस्तु है। ऐसे में हम अपना तेल कहां से खरीदते हैं, यह एक ऐसा निर्णय है, जो हम सबसे अधिक उपयुक्त चीजों को ध्यान में रखकर लेते हैं। इसलिए, हम निस्संदेह रूसी तेल खरीदेंगे।"

केन्द्रीय मंत्री ने दोहराया कि भारत के आयात बिल में कच्चे तेल का योगदान सबसे अधिक है। वित्त मंत्री का बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका ने भारत से आयात पर रूसी तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाकर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है।

उधर बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अमेरिका ने रूस के साथ व्यापारिक संबंध जारी रखने वाले देशों पर अभी तक "चरण-2" और "चरण-3" शुल्क लागू नहीं किए हैं। उन्होंने भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों को रूस के खिलाफ सीधी कार्रवाई बताया और कहा कि इससे रूस को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान होगा।

सीतारमण ने यह भी कहा कि जीएसटी जैसे सुधार से टैरिफ से जुड़ी कई चिंताएं दूर हो जाएंगी। 50 प्रतिशत टैरिफ का सामना कर रहे उद्योगों को मदद का आश्वासन देते हुए, सीतारमण ने कहा, "हम उन लोगों की मदद के लिए कुछ न कुछ लेकर आएंगे, जो इससे प्रभावित हुए हैं। पैकेज में कई तरह के उपाय शामिल हैं, और निश्चित रूप से उनकी मदद के लिए कुछ न कुछ आ रहा है।"

# 'चीन भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, जो सदैव रहेगी'

- **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने गोरखपुर के एक कार्यक्रम में भारत-चीन सीमा विवाद पर टिप्पणी की।**

गोरखपुर, 05 सितम्बर। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने चीन को लेकर बड़ा बयान दिया है। जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि चीन भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। चीन के साथ ये चुनौती आगे भी रहेगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए यह बात कही।

सीडीएस ने पाकिस्तान द्वारा छेड़े गए प्रॉक्सी वॉर को भारत के लिए दूसरी बड़ी चुनौती बताया और कहा कि किसी देश के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं, बल्कि विभिन्न रूपों में मौजूद होती हैं।

जनरल अनिल चौहान ने कहा, मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है और आगे भी रहेगी। दूसरी बड़ी चुनौती भारत के खिलाफ पाकिस्तान का छद्म युद्ध है, जिसमें भारत को हजारों घाव देकर खून बहाने की रणनीति अपनाई गई है।

जनरल चौहान ने क्षेत्रीय अस्थिरता को भी चिंता का विषय बताया और कहा कि भारत के सभी पड़ोसी देश सामाजिक, राजनीतिक या आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक और चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं - अब इसमें साइबर और अंतरिक्ष भी शामिल हैं।

# ट्रंप ने कहा, लगता है हमने भारत को खो दिया है

## ट्रंप ने माना कि अमेरिका की भारत के साथ दूरियां बढ़ गई हैं

- **ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि ऐसा लगता है हमने भारत और रूस को अब रहस्यमयी और खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है।**

नयी दिल्ली, 05 सितंबर। भारत के खिलाफ अमेरिका में ऊंचे आयात शुल्क को लेकर द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आशंका जतायी है कि उनके देश के साथ भारत की दूरियां बढ़ गयीं हैं और वह संभवतः चीन के साथ जुड़ रहा है।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक संक्षिप्त पोस्ट में लिखा, ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को अति रहस्यमय और अति खतरनाक चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य दीर्घ और समृद्ध हो। इस कथन के साथ उन्होंने हाल ही में तियांजिन में संपन्न हुयी शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और चीनी प्रमुख शी जिनपिंग की एक फोटो टैग की है।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के सामान पर अमेरिका में 25 प्रतिशत की दर से ऊंचा शुल्क लगाने के साथ ही, रूस का तेल खरीदने के लिए अमेरिका के आपातकाल के कानूनों के तहत शुल्क को दोगुना कर दिया है।

ट्रम्प ने गुरुवार को नाटो के नेताओं के साथ बातचीत में उनसे रूस से प्राकृतिक गैस खरीदने का सिलसिला बंद करने का भी दबाव डाला था।

वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रम्प के इस पोस्ट पर कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया है। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए हैं। भारत समेत, बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामले की सुनवाई यूएस कोर्ट में चल रही है। ट्रम्प ने गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा।

# 'नई जी.एस.टी. ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धूमधाम के बीच, वह चार-अक्षर का शब्द जो संघवाद की गर्दन काट रहा है वह है 'सेस'। उपकर के रूप में एकत्र किए गया 100 प्रतिशत पैसा केन्द्र सरकार के पास जाता है। एक रुपया भी नहीं दिया जाता। ओ'ब्रायन के अनुसार, 2012 में उपकर, केन्द्र सरकार की कुल कर - आय का सात प्रतिशत था। उन्होंने कहा, "अनुमानतः 2025 में उपकर कुल कर-राजस्व का लगभग 20 प्रतिशत है। 2019 से अब तक 5.7 लाख करोड़ रुपये का उपकर और अधिभार (सरचार्ज) बिना उपयोग के पड़ा हुआ है।" उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों ने भी राजस्व के विभाज्य पूल के घटते आकार का विरोध किया है। ओ'ब्रायन ने लिखा, इन राज्यों (कुल 22) ने 16वें वित्त आयोग से कर संग्रह में अधिक हिस्सेदारी की मांग की तथा कहा कि जो अभी 41 प्रतिशत है, उसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, विभाज्य पूल (डिबिजिबल पूल) 2011 में सकल कर राजस्व का 89 प्रतिशत था, जो 2021 में घटकर 79 प्रतिशत रह गया। यह तो उस स्थिति में हुआ है जब 14वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुसार, राज्यों को मिलने वाली कर राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, उन्होंने कहा, 2015 से 2024 के बीच, प्रचलित उपकरों में 462 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (जो दो लाख करोड़ रुपये से अधिक है)।

# 'चीन के राष्ट्रपति शी ने भारत की राष्ट्रपति मुर्मू को कोई पत्र नहीं भेजा'

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के करीबी पीटर नवारो के बयानों को गलत व भ्रामक बताया

- **विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत व अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं, जिन्हें ऐसे गलत बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता।**

नई दिल्ली, 05 सितम्बर। भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के हालिया बयानों को सख्ती से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने साफ कहा कि नवारो के बयान न केवल गलत हैं, बल्कि भ्रामक भी हैं। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते गहरे हैं और इन्हें भ्रामक बयानों से प्रभावित नहीं किया जा सकता। साथ ही, ब्लूमबर्ग की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुप्त पत्र भेजने वाली रिपोर्ट को गलत बताया। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया में हो रहे प्रदर्शन पर भी विदेश मंत्रालय ने अपनी बात कही।

जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। यह साझेदारी साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत रिश्तों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों से गुजरा है, लेकिन हमेशा मजबूत रहा है। भारत चाहता है कि यह साझेदारी आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ती रहे। उन्होंने एच-1बी वीजा के मामले में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच गतिशीलता साझेदारी इस रिश्ते का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक मुद्दों पर लगातार बातचीत कर रहा है। उन्होंने क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) को साझा हितों पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया और कहा कि इसके नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन सदस्य देशों के बीच राजनयिक परामर्श के बाद तय होगा। यूक्रेन संघर्ष पर बोलते हुए जायसवाल ने हालिया शांति प्रयासों का स्वागत किया और कहा कि भारत चाहता है कि सभी पक्ष रचनात्मक तरीके से आगे बढ़ें। उन्होंने दोहराया कि भारत का रुख स्पष्ट है। संघर्ष का जल्द अंत हो और यूक्रेन में स्थायी शांति स्थापित हो।

# अधूरी केस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केस डायरी पेश की थी। परिवादी की ओर से पेश किए सबूत भी विरोधाभासी हैं, उसने आरोपी के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया है। इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाना उचित होगा।

आरोपी के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि कोर्ट ने माना कि केस के आईओ घनश्याम शर्मा ने खुद के बयानों में कहा कि सर्किल के अधीन सभी केस डायरी की सार-संभाल की जिम्मेदारी वृत्ताधिकारी के निर्देशन में ऑफिस की रहती है। मामले में चालान पेश होने के बाद वह वृत्त कार्यालय में ही रहीं। इस मामले की काउंटर केस डायरी भी उसके ऑफिस में ही थी। इसलिए यह साबित है कि आरोपी ने हाईकोर्ट में अधूरी केस डायरी पेश नहीं की थी। आरोपी ने दलील दी थी कि पूर्व आईओ के ट्रांसफर होने पर हाईकोर्ट के मौखिक निर्देश पर वह पेश हुआ था। केस के आईओ खुद सीओ थे और उसे इस मामले में झूठा फंसाया है। वह उस मामले में जांच अधिकारी नहीं रहा था। उसके खिलाफ गलत तौर पर लोक सेवक होते हुए जानबूझकर अदालत के निर्देश की अवज्ञा करने का मामला दर्ज हुआ है, जबकि पूर्व आईओ ने अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए उसे दोषमुक्त किया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया।

# मणिमहेश यात्रा में फंसे 135 तीर्थ यात्रियों को बचाया

- **भारतीय वायुसेना ने चिनूक हैलिकॉप्टर्स की मदद से रैस्क्यू ऑपरेशन चलाया।**

शिमला, 05 सितंबर। हिमाचल प्रदेश में पहली बार भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टरों ने भरमौर में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 135 तीर्थयात्रियों को चंबा के करियां हेलीपैड पर सुरक्षित पहुंचाया है।

राज्य सरकार ने दो हफ़्ते की लगातार बारिश के बाद मौसम में सुधार के साथ सबसे ज़्यादा प्रभावित कुल्लू और चंबा ज़िलों में राहत और बचाव अभियान तेज़ कर दिया है, जहां भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने से व्यापक तबाही हुई है। राज्य में पहली बार भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टरों को बचाव अभियान में लगाया गया। इन हेलिकॉप्टरों के जरिए सिर्फ़ तीन उड़ानों में ही भरमौर में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे 135 तीर्थयात्रियों को चंबा के करियां हेलीपैड पर सुरक्षित पहुंचाया गया। प्रत्येक उड़ान में 52 से 60 तीर्थयात्रियों को हवाई मार्ग से निकाला गया, जो इस अभियान की एक बड़ी सफलता है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी राहत सामग्री लेकर सेना के एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर से कुल्लू पहुंचे। सैंज घाटी में आपातकालीन आपूर्ति पहुंचाने के लिए तीन और वायुसेना हेलीकॉप्टर - दो एमआई-17 और एक चिनूक - भुंतर हवाई अड्डे पर तैनात किए गए हैं, जहां शक्ति और मरोर जैसे गांवों में राशन, दवाइयां और तिरपाल पहले ही हवाई मार्ग से गिराए जा चुके हैं।(पिछले तीन दिनों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में डेरा डाले हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने पांगी और भरमौर की सुदूर घाटियों का पैदल दौरा किया।

# स्वर्ण मंदिर हमले का आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 05 सितंबर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गत मार्च में हुए अमृतसर मंदिर ग्रेनेड हमला मामले में प्रमुख वांछित आतंकी आरोपी को शुक्रवार को बिहार के गया से गिरफ्तार कर लिया। एनआईए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान पंजाब में गुरदासपुर जिले के बटाला के कादियान गाँव भैनी बांगर निवासी शरणजीत कुमार उर्फ सनी के रूप में हुई है। उन्होंने कहा, आरोपी गत 15 मार्च को तड़के हुए आतंकी हमले की साजिश और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल पाया गया। ग्रेनेड हमला दो बाइक सवार हमलावरों, गुरसिदक सिंह और विशाल गिल ने किया था, जो अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच में यूरोप, अमेरिका और कनाडा में हमलावरों के आकाओं की रची गयी साजिश का खुलासा हुआ, जिन्होंने भारत में अपने सक्रिय कार्यकर्ताओं को आतंकी उपकरण, धन, रसद सहायता और लक्ष्य का विवरण प्रदान किया था। उन्होंने कहा, हमारी जांच से पता चला है कि गुरसिदक और विशाल हथगोले की कई खेपों के साथ-साथ हथियारों और गोला-बारुद की खरीद और आपूर्ति में शामिल थे।

# एक बार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपडेट की हैं। चीन, भारत और यूरोपीय संघ जैसे बड़े देशों ने अब तक ऐसा नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उम्मीद है कि आखिरी समय में भारी संख्या में प्रस्ताव आएंगे, लेकिन हर सप्ताह की देरी डील करने की ताकत को कम करती है।

विशेषज्ञों ने चेतावनी कि देरी की कीमत भारी होगी। अगर दोनों देश ताजा प्रस्ताव नहीं लाते, तो वे अरबों डॉलर के उस अनुकूलन फंड से हाथ धो बैठेंगे, जो शुरुआती चेतावनी प्रणालियों, जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे और स्वच्छ परिवहन में निवेश के लिए जरूरी है - जिससे सर्दियों के स्मॉग को कम किया जा सकता है।

# 18 माह की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह राजावत ने बताया कि 6 फरवरी 2025 को पीड़िता के अब्बा ने ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस थानाधिकारी को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा कि वह आज किसी काम से नागतलाई गया था। शाम को उसकी पत्नी ने फोन पर बताया कि बच्ची रो रही है और उसकी पाजामी पर खून लगा हुआ है। उसे उसकी बहन का शौहर ठेले से कुछ खिलाने के लिए लेकर गया था। एक घंटे बाद वह उसे दादी के पास छोड़कर गया है। बच्ची को खिलाने के बहाने ले जाकर उसने दुष्कर्म किया है। उसकी बच्ची अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

# मुम्बई में बम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। दरअसल, शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु गणेश विसर्जन के लिए निकलेंगे। इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और कई जगहों पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चल रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# ट्रम्प के "ट्रेड" ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बस इतना था कि अधिक स्पष्ट युद्ध, यानी भौतिक वस्तुओं का व्यापार, पहले निपटाया गया। वैसे भी, भारत का सेवाओं का निर्यात, विशेषकर सॉफ़्टवेयर सेवाएँ, पहले से ही एक और बड़े अस्तित्व संकट का सामना कर रहा है। कई सेवाएँ जो भारत देता रहा है, अब ट्रेन्ड मैनपावर (प्रशिक्षित कर्मियों) के बिना भी आर्टिफिशल इंटैलिजैंस (ए.आई.) टूल्स से पूरी की जा सकती हैं। भविष्य का उत्तर यही होना चाहिए कि आईटी और सॉफ़्टवेयर उद्योगों के नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाए और ए.आई. क्षेत्र में अनुसंधान और विकास प्रयासों को बढ़ाया जाए। अब तक भारत ए.आई. क्षेत्र और उसके विकास में पिछड़ता रहा है। भारत की आईटी कंपनियों को अब ए.आई. क्षेत्र में जगह बनाने और बढ़त हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा, विशेषकर चीनियों के खिलाफ। चीनी कंपनियाँ पहले ही ए.आई. खंडों में दूसरों से आगे निकल चुकी हैं और ये कंपनियाँ अक्सर अमेरिकी कंपनियों से भी अधिक उन्नत और किफ़ायती होती हैं।

# नेपाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सख्त निगरानी और नियंत्रण उपाय शामिल हैं, सोशल मीडिया कंपनियों के लिए अव्यवहारिक और हस्तक्षेपकारी प्रतीत हुई होंगी, जिससे उन्होंने पंजीकरण से इंकार कर दिया। सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च के निदेशक उज्ज्वल आचार्य ने इस फैसले को भ्रमित करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध नेपाल की लोकतांत्रिक छवि की कीमत पर आया है।

# पंजाब के मु.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बुखार से पीड़ित हैं। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर मान से मुलाकात की थी। इसके बाद, आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कपूरथला जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सुल्तानपुर लोधी का दौरा किया और राज्य में चलाए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत भी की।

# 'भारत में बुजुर्गों की आबादी बढ़ी'

## रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 60 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की आबादी 9.7 प्रतिशत हो गई है

- **इनमें केरल में सबसे ज्यादा, 15.1 प्रतिशत बुजुर्ग हैं, दूसरे व तीसरे नम्बर पर क्रमशः तमिलनाडु व हिमाचल प्रदेश हैं।**

नई दिल्ली, 05 सितम्बर। भारत की आबादी धीरे-धीरे बूढ़ापे की ओर बढ़ रही है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की 2023 की एक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एसआरएस की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में प्रजनन दर कम होती जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में काम-काजी आयु वर्ग (15-59 वर्ष) की जनसंख्या का अनुपात बढ़ रहा है। हालांकि, 0-14 आयु वर्ग की आबादी में लगातार गिरावट देखी जा रही है।

सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम की ओर से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 1971 से 1981 के बीच 0-14 आयु वर्ग की हिस्सेदारी 41.2 प्रतिशत से घटकर 38.1 प्रतिशत रह गई थी, जबकि 1991 से 2023 के बीच यह आंकड़ा 36.3 प्रतिशत से गिरकर 24.2 प्रतिशत हो गया। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि इसी अवधि में देश की कुल प्रजनन दर 1971 के 5.2 से घटकर 2023 में 1.9 रह गई है। एसआरएस की ओर से इस रिपोर्ट को तैयार करने में लगभग 88 लाख की सैंपल जनसंख्या को शामिल किया गया है। यह दुनिया के सबसे बड़े डेमोग्राफिक सर्वे में से एक है। रिपोर्ट में ये भी पता लगा है कि भारत के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में 0-14 आयु वर्ग में लड़कों की संख्या लड़कियों से ज्यादा है। इसमें दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र अपवाद हैं, जहां लड़कियों का अनुपात अधिक है। एसआरएस की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में काम-काजी आयु वर्ग का अनुपात 1971 में 53.4 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 66.1 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसमें सबसे अधिक प्रतिशत दिल्ली (70.8 प्रतिशत) में और उसके बाद तेलंगाना (70.2 प्रतिशत) और आंध्र प्रदेश (70.1 प्रतिशत) में है, जबकि सबसे कम बिहार (60.1 प्रतिशत) दर्ज किया गया है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908